■ चैत्र कृष्ण - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 241 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 28-03-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल

6 राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

7 लोकसभा चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' की बात करने वालों के बीच : योगी

## फर्स्ट टेक

### सदानंद दाते अब एनआईए प्रमुख

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले के दौरान आतंकवादी अजमल कसाब और उसके सहयोगी अबू इस्माइल से बेहोश होने तक मोर्चा लेने वाले सदानंद वसंत दाते को उनकी उस बहादुरी के करीब 16 साल बाद प्रतिष्ठित एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का प्रमुख बनाया गया है। मुंबई आतंकवादी हमले के बाद एनआईए अस्तित्व में आई थी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1990 बैच के अधिकारी दाते को 26/11 हमले के दौरान वीरता का प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी दाते उस एजेंसी के महानिदेशक का पदभार संभालेंगे जिसे विशेष रूप से आतंकवादी मामलों की जांच का काम सौंपा गया है।

### सांगली में फैक्ट्री से 245 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के सांगली जिले में मेफेड्रोन बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और यहां से 245 करोड़ रुपये मूल्य का एक क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया है। एक अधिकारी ने बुधवार यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में 'मेफेड्रोन बनाने' वाले प्रवीण शिंदे सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा पिछले महीने मुंबई में जब्त किये गये सात करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ की जांच का परिणाम है। अधिकारी ने बताया मुंबई अपराध शाखा ने सोमवार को सांगली जिले के इराली गांव में एक खेत पर छापा मारा और 122.5 किलोग्राम 'मेफेड्रोन' जब्त किया। पुलिस ने मामले के सिलसिले में अब तक 252 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है।

### 'इंडिगो' का हवाई जहाज 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान के पंख से टकराया

**कोलकाता/भाषा।** कोलकाता हवाई अड्डे पर बुधवार को विमानन कंपनी 'इंडिगो' का एक विमान 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान के पंख से टकरा गया जिससे दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को कोलकाता से चेन्नई के लिए उड़ान भरनी था जबकि इंडिगो के विमान को दरभंगा के लिए रवाना होना था। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के दो पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है।

| सूर्यास्त 28-03-2024 | सूर्योदय 29-03-2024 |
|---|---|
| 6:31 बजे | 6:17 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,996.31 | 22,123.65 |
| (+526.02) | (+118.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,891 रु. | 76,311 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नासमझ लोग

फेंक रहे रेलों पर पत्थर,
थोड़ा तो सोचो नादानों।
ये सब अपनी ही सम्पति है,
समझो रे थोड़ा अनजानों।
क्यों बनते हो इतने जाहिल,
इंसां बन जाओ हैवानों।
ज्वलनशील कानून शमा है,
जल जाओगे रे परवानों।

# 'गरीबों से लूटा गया धन जनता को लौटाने की दिशा में काम कर रहा हूं'

## सारे भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/कोलकाता/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से 'लूटा गया' और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर बातचीत में यह बात कही।

भाजपा के एक नेता ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 'राजमाता' अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने आम जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उन भ्रष्टाचारियों से जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीब जनता को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं।

भाजपा नेताओं के अनुसार, मोदी ने कहा कि एक तरफ वर्तमान केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं।

प्रधानमंत्री और रॉय के बीच हुई बातचीत का विवरण देते हुए पार्टी के नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी पाने के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि करीब 3,000 करोड़ रुपए है।

मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि सत्ता में वापस आने के तुरंत बाद वह ऐसा रास्ता निकालेंगे ताकि लोगों के पैसे वापस मिलें।

### 'गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है'

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय गुजराती नृत्य गरबा को जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव करार दिया और कहा कि इसकी वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है। गरबा को पिछले साल छह दिसंबर को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल किया गया था। पिछले दिनों पेरिस में आयोजित एक कार्यक्रम में इस उपलब्धि का शिलालेख प्रमाणपत्र सौंपा गया था। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। यह लोगों को एक साथ लाता भी है। यह जानकर खुशी होती है कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है! कुछ समय पहले, गरबा को यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में जगह मिली। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि कुछ दिन पहले पेरिस में शिलालेख प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया था। वहीं, पेरिस में एक यादगार गरबा नाइट का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय ने शिरकत की। प्रधानमंत्री ने इस पोस्ट के साथ ही आयोजन की कुछ तस्वीरें भी साझा की। गुजरात का गरबा नृत्य इस सूची में शामिल होने वाला भारत की 15वीं धरोहर (आईसीएच) है।

## सम्मान




केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और अन्य ने बुधवार को नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू और विधायक शीतल अंगुराल को भाजपा में शामिल होने पर सम्मानित किया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी में हस्तक्षेप करने से उच्च न्यायालय का इनकार

■ उच्च न्यायालय ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार किया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल द्वारा दायर की गई याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा।



उच्च न्यायालय ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया।

केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय से इस आधार पर उन्हें तत्काल रिहा करन का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है।

केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले एक वर्तमान मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी संविधान के मूल ढांचे के विरूद्ध है। उन्होंने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए।

ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि कई पन्नों वाली याचिका (की प्रति) मंगलवार को ही ईडी को दी गई है और उस पर उसका (ईडी का) रूख सामने लाने के लिए समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिम राहत संबंधी अनुरोध पर भी जवाब के लिए उपयुक्त समय दिया जाना चाहिए।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी : उपराज्यपाल वी के सक्सेना



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलाई जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। 'टाइम्स नाउ समिट' में एक सवाल का जवाब देते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। सक्सेना ने परोक्ष रूप से आप सरकार को निशाना बनाते हुए कहा, बच्चों के रूप में हम सभी ने 'लोहे के चने चबाना' जैसी एक कहावत सुनी है। दिल्ली आने के बाद मुझे वास्तव में इस कहावत का अर्थ पता चला। सक्सेना ने कहा, इस शहर में कोई भी काम करवाना 'लोहे के चने चबाने' जैसा लगता है। आप जो भी करने की कोशिश करते हैं, कुछ ताकतें होती हैं जो उस काम को रोकने में अपनी पूरी ताकत झोंक देती हैं, और अगर आप (किसी भी तरह) उस काम को सफलतापूर्वक पूरा कर पाते हैं, तो ये ताकतें श्रेय लेने की कोशिश करती हैं।

# जिस देश का आम आदमी महान होता है वह राष्ट्र महान होता है : मोहन भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि जिस देश का आम आदमी महान होता है, वह राष्ट्र महान होता है और प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भागवत ने मुंबई के विले पार्ले इलाके में लोकमान्य सेवा संघ के एक समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''जिस देश का आम आदमी महान होता है वह राष्ट्र महान होता है। इसलिए सामाजिक स्तर पर सुधार की जरूरत है। किसी राष्ट्र का उत्थान और पतन समाज की सोच और मूल्यों से जुड़ा होता है।''

भागवत ने कहा कि 1925 में आरएसएस की स्थापना करने वाले केशव हेडगेवार अपने प्रारंभिक सामाजिक जीवन में स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक से प्रेरित रहे।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे विंस्टन चर्चिल का उदाहरण देते हुए, भागवत ने कहा कि वह जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए लगभग तैयार थे, लेकिन उन्होंने लोगों की बात सुनी और महसूस किया कि वो रसोई में इस्तेमाल होने वाले चाकू से भी (दुश्मनों का) मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

भागवत ने कहा, उन्होंने (चर्चिल ने) अपना सबसे प्रसिद्ध भाषण (ब्रिटेन की) संसद में दिया, जिससे (जनता का) मनोबल बढ़ा और बाद में इंग्लैंड ने युद्ध जीत लिया। उन्होंने इसका श्रेय इंग्लैंड के लोगों को दिया...।''

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने चिंता जताई कि अत्यधिक भौतिकवादी जीवनशैली ने समाज पर कब्जा कर लिया है और यह पारिवारिक बंधनों को प्रभावित कर रही है।

### चुनावी सभा में 'हाथ काट दो' वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

**झाबुआ/भाषा।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर अपने समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें और उनकी ऐसी-तैसी कर दें। जयस का पश्चिमी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए आदिवासियों के भिलाला समुदाय को कथित तौर पर चोर और डाकू भी कहा।



### *धार के 'भोजशाला' का एएसआई सर्वेक्षण छठे दिन भी रहा जारी*

***धार/भाषा।** मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक धार शहर के विवादास्पद भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वेक्षण बुधवार को लगातार छठे दिन जारी रहा। यह सर्वेक्षण मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर शुरू किया गया है। भोजशाला परिसर में सर्वेक्षण के दौरान हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले आशीष गोयल और गोपाल शर्मा के साथ ही मुस्लिम समुदाय के नेता अब्दुल समद एएसआई दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने संवाददाताओं को बताया कि एएसआई का दल भोजशाला परिसर के 50 मीटर के दायरे में खुदाई में जुटा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। यह परिसर एक मध्ययुगीन स्मारक है जिसे हिंदू समुदाय वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद बताता है। एएसआई ने अदालत के निर्देश पर भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण 22 मार्च को शुरू किया था।*

# भारतीयों के प्रति मेरा पहला कर्तव्य सीमा की सुरक्षा करना है : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कुआलालंपुर/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति केवल सैनिकों की पारंपरिक तैनाती के आधार पर हासिल की जा सकेगी और बीजिंग के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए यही पूर्व शर्त होगी। जयशंकर ने मलेशिया की राजधानी में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान चीन के साथ भारत के संबंधों की मौजूदा स्थिति पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''भारतीयों के प्रति मेरा पहला कर्तव्य सीमा की सुरक्षा करना है और मैं इस संबंध में कभी समझौता नहीं कर सकता।'' उन्होंने कहा कि हर देश ''अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। कौन नहीं चाहता? लेकिन हर रिश्ते को किसी न किसी आधार पर स्थापित करना होता है।''

जयशंकर ने कहा, ''हम अभी भी चीन के साथ बातचीत कर रहे हैं। मैं अपने समकक्ष से बात करता हूं। हम समय-समय पर मिलते रहते हैं। हमारे सैन्य कमांडर एक-दूसरे से बातचीत करते हैं। लेकिन हमारी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट हैं कि हमारे बीच एक समझौता था। वहां वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) है। हमारी उस रेखा पर सेना न लाने की परंपरा है। हम दोनों के सैन्य ठिकाने कुछ दूरी पर स्थित हैं, जो हमारी पारंपरिक तैनाती की जगह है। और हम वह सामान्य स्थिति चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि सीमा पर सेना की तैनाती के मामले में सामान्य स्थिति चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का आधार बनेगी।

# राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई शक्ति दिखाई जा सकती है : वायु सेना प्रमुख

■ हम सभी को मानना होगा कि भविष्य की जंग अलग-अलग तरीके से लड़ी जाएंगी। भविष्य के संघर्ष गतिज और गैर-गतिशील बलों के एक साथ अनुप्रयोग, उच्च स्तर की युद्ध स्थल पारदर्शिता, बहुआयामी परिचालन, उच्च स्तर की सटीकता, अधिक घातकता आदि के मिले-जुले रूप पर आधारित होंगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने बुधवार को कहा कि 'बालाकोट जैसे अभियानों' ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है। 'भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति' विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और शस्त्रीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में, आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

वायु सेना प्रमुख ने कहा, फिर भी, इस शांति के नीचे प्रतिस्पर्धा से भरा एक क्षेत्र है जहां हवाई श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा ने कई देशों की नियति को आकार दिया है और कई युद्धों के नतीजे तय किए हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हम इन अज्ञात आसमानों में यात्रा कर रहे हैं, वायु शक्ति राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक होने के नाते निस्संदेह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राष्ट्रीय शक्ति के प्रतीक, शांति और सहयोग के लिए एक उपकरण के रूप में भी काम करेगी।

वायु सेना प्रमुख ने कहा, हम सभी को मानना होगा कि भविष्य की जंग अलग-अलग तरीके से लड़ी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भविष्य के संघर्ष गतिज और गैर-गतिशील बलों के एक साथ अनुप्रयोग, उच्च स्तर की युद्ध स्थल पारदर्शिता, बहुआयामी परिचालन, उच्च स्तर की सटीकता, अधिक घातकता आदि के मिले-जुले रूप पर आधारित होंगे और निश्चित रूप से इन सभी पर गहन मीडिया निगरानी रहेगी।

# वैश्विक स्तर पर अवैध लेनदेन का सिर्फ दो-तीन प्रतिशत पकड़ में आता है : इंटरपोल

**सिंगापुर/भाषा।** वैश्विक बैंकिंग नेटवर्क के जरिये लेनदेन किए गए 96 प्रतिशत से अधिक धन का पता नहीं चल पाता है और अनुमानित 2,000 से 3,000 अरब अमेरिकी डॉलर के अवैध व्यापार में से केवल 2-3 प्रतिशत धन का ही वर्तमान में पता लगाया जाता है और उसे वापस किया जाता है। इंटरपोल के महासचिव जुर्गन स्टॉक ने यहां पत्रकारों से कहा कि इंटरपोल अपने 196 सदस्य देशों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और निजी वित्त क्षेत्रों के साथ काम करता है। इसका लक्ष्य दुनियाभर में अवैध व्यापारियों, मादक पदार्थों, मानव तस्करी, हथियारों और वित्तीय संपत्तियों की बड़ी मात्रा में धन से जुड़ी बढ़ती धोखाधड़ी को नियंत्रित करना है।

वैश्विक बैंकिंग नेटवर्क के जरिये अवैध व्यापार से व्यापक रूप से अनुमानित 2,000 से 3,000 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक लेनदेन को नियंत्रित करने के लिए, हम लेनदेन की जांच करने के वास्ते एक तंत्र स्थापित करने के लिए दुनियाभर के बैंकिंग संघों से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान में केवल दो से तीन प्रतिशत पैसे का ही पता लगाया जाता है और पीड़ितों को लौटाया जाता है। वैश्विक बैंकिंग नेटवर्क के जरिये लेनदेन वाले 96 प्रतिशत से अधिक धन का पता नहीं चल पाता....''

स्टॉक ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) इसे और बदतर बना रही है। यह वॉयस क्लोनिंग की अनुमति देती है। दुनियाभर के अपराधी इसका फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सिंगापुर एंटी-स्कैम सेंटर' एक ऐसा मॉडल है जिसका अन्य देशों को अनुसरण करना चाहिए।

# भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में नरेंद्र मोदी, नड्डा, शाह और योगी शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी समेत 40 नेताओं को शामिल किया गया है।

भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने स्टार प्रचारकों की सूची साझा की है जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम भी शामिल हैं। राज्य की 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होंगे तथा वोटों की गिनती चार जून को होगी। सूची के अनुसार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान और अर्जुन मुंडा तथा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी राज्य में पार्टी के लिए प्रचार करेंगे।

स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और राज्य के चार मंत्री भी शामिल हैं। राज्य में तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके रमन सिंह का नाम इस सूची में नहीं है। वह विधानसभा के अध्यक्ष हैं।

प्रधानमंत्री मोदी, शाह, आदित्यनाथ और शर्मा ने पिछले साल राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर प्रचार किया था। इस चुनाव में भाजपा ने तत्कालीन सत्ताधारी कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया था और बड़ी जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 54 सीटों पर कब्जा किया था, जबकि कांग्रेस 35 सीटें और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) एक सीट जीतने में सफल रही थी। सत्ताधारी दल की नजर लोकसभा चुनाव में भी वही प्रदर्शन दोहराने पर है और उसने सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। राज्य में नक्सल प्रभावित बस्तर (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा, जबकि तीन अन्य निर्वाचन क्षेत्रों महासमुंद, राजनांदगांव और कांकेर (एसटी) में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

शेष सात सीटों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ (एसटी), कोरबा, जांजगीर-चांपा (एससी) और सरगुजा (एसटी) में सात मई को अंतिम चरण में मतदान होगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने तीन बार 2004, 2009 और 2014 में 11 में से 10 लोकसभा सीटें जीती थीं। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 11 में से नौ सीटें जीती थी।




## वर्तमान वैश्विक माहौल में सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गई है, उसे बनाए रखना जरूरी है। सान्याल ने समाचार चैनल 'टाइम्स नाऊ' सम्मेलन में कहा, ...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा। सान्याल ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गई है, उसे बनाए रखना जरूरी है। ''आप वृद्धि की बहुत ऊंची दर तभी हासिल कर सकते हैं जब वैश्विक माहौल अनुकूल हो। अन्यथा हम जो कर रहे हैं उससे हमें संतुष्ट होना चाहिए। इस लिहाज से सात प्रतिशत के दायरे में वृद्धि दर बेहतर है।

## लातूर के कुछ इलाकों में आया हल्का भूकंप

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के कुछ गांवों में बुधवार दोपहर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया, हालांकि इस वजह से किसी जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि पूर्वाह्न 11.50 बजे से दोपहर 12 बजे के आसपास औरद शाहजानी गांव में पृथ्वी की सतह के नीचे आवाज सुनी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र को इसकी जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है ''दोपहर करीब 12.15 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया, जिसका केंद्र गंगापुर और पेठ गांवों के बीच स्थित था। औरद शाहजानी गांव किलारी ग्राम से 52 किलोमीटर दूर है जहां 30 सितंबर 1993 कसे 6.2 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था।

## मेरे पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जरूरी 'उस तरह का धन' नहीं हैं : निर्मला सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उनके पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जरूरी ''उस तरह का धन' नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष (जे पी नड्डा) ने उन्हें आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु से चुनाव लड़ने का विकल्प दिया था।

भाजपा नेता सीतारमण ने यहां 'टाइम्स नाउ समिट 2024' में कहा, एक हफ्ते या दस दिन तक सोचने के बाद, मैंने जवाब दिया... नहीं। मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए उस तरह का धन नहीं हैं। मुझे यह भी समस्या है कि आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु। जीतने लायक विभिन्न मानदंडों का भी सवाल है... आप इस समुदाय से हैं या आप उस धर्म से हैं? मैंने नहीं कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा करने में सक्षम हूं। वित्त मंत्री ने कहा, मैं बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मेरी दलीलों को स्वीकार कर लिया...इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ रही हूं। जब उनसे सवाल किया गया कि देश की वित्त मंत्री के पास भी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन क्यों नहीं है, तो उन्होंने कहा कि भारत की संचित निधि उनकी अपनी नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा वेतन, मेरी आमदनी, मेरी बचत मेरी है, न कि भारत की संचित निधि। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में राज्यसभा के कई सदस्यों को मैदान में उतारा है जिनमें पीयूष गोयल, भूपेन्द्र यादव, राजीव चन्द्रशेखर, मनसुख मांडविया और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं।

## शरद पवार धड़े को 'तुरही' निशान मिलने के बाद तुरही वादकों को धंधा चौपट होने का डर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष
शरदचंद्र पवार

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शरद पवार की अगुवाई वाले गुट को 'तुरही बजाता व्यक्ति' चुनाव निशान मिलने के बीच इस पारंपरिक वाद्ययंत्र के वादकों को इस साल उनका धंधा चौपट होने की आशंका सता रही है क्योंकि आम चुनाव और शादी का सीजन एक समय पर पड़ रहा है। उन्हें आशंका है कि चूंकि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में है ऐसे में इस साल उन्हें शायद शादियों एवं अन्य कार्यक्रमों में 'तुरही' बजाने के काम पर नहीं रखा जाएगा। तुरही अंग्रेजी के 'सी' अक्षर की शक्ल में होती है और इसे स्वागत करने के लिए बजाया जाता है। पहले, इसे राजाओं के आगमन पर बजाया जाता था।

यहां विभिन्न कार्यक्रमों में तुरही बजाने वाले वादकों मुहैया कराने के पेशे में लगे जयसिंह होलिए ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि यह पारंपरिक वाद्ययंत्र है और इसे शादी एवं अन्य समारोहों में बजाया जाता है। उन्होंने कहा, लेकिन इस साल, लोकसभा चुनाव एवं शादी का सीजन एक समय पर है। ऐसे में हमें डर है कि इस साल हमारा धंधा चौपट न हो जाए। शहर में रहने वाले तुरही वादक बाबूराव गुराव ने कहा, राजनीतिक दलों के पास हमारे रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल आने वाली चीजें या सामान चुनाव निशान के रूप में हैं। हम इनसे बच नहीं सकते।

## भाजपा से मुकाबले के लिए एजेंडा तय करने में वाम सबसे आगे : येचुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने यहां कहा कि लोकसभा में अपनी कम संख्या के बावजूद वाम दल सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष में एजेंडा तय करने में सबसे आगे रहे हैं।

उन्होंने इस क्रम में अनुच्छेद 370, संशोधित नागरिक कानून (सीएए), कृषि कानून और चुनावी बॉण्ड जैसे मुद्दों का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनावों में उनकी पार्टी के प्रदर्शन में सुधार होगा। पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में येचुरी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दक्षिणी राज्यों में अपने पैर नहीं जमा सकेगी। मतदाताओं के सिमटते आधार का सामना कर रहे वाम दलों के लिए मौजूदा लोकसभा चुनाव वस्तुतः ''करो या मरो'' जैसी स्थिति है। निवर्तमान लोकसभा में वाम दलों के केवल पांच सदस्य हैं जिनमें माकपा के तीन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के दो सदस्य हैं। लगभग छह दशक में वाम दलों की यह न्यूनतम संख्या है।

वामपंथी दल विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, आप देखिए, निश्चित रूप से वाम का प्रदर्शन पिछले चुनाव से बेहतर होगा। लेकिन मुद्दा... वामपंथियों के लिए अहम बात यह नहीं है कि आप कितनी सीट जीतते हैं, बल्कि अहम बात यह है कि आप कितना एजेंडा तय कर रहे हैं?

## आरएसएस ने रामकृष्ण मिशन के प्रमुख स्वामी स्मरणानंद को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बुधवार को रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने सेवा और अध्यात्म के प्रति अपने अनुकरणीय समर्पण के साथ संगठन को उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया था। स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार की शाम कोलकाता में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। वह रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष थे। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत और इसके महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने एक संयुक्त बयान में कहा, रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी के निधन का समाचार सुनकर रामकृष्ण मठ के असंख्य श्रद्धालु तथा श्री रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद के अनगिनत अनुयायी काफी दुःख का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमत संघगुरु ने सेवा और अध्यात्म के प्रति अपने अनुकरणीय समर्पण के साथ रामकृष्ण मिशन और मठ को उनकी महान और प्रेरक परंपरा में उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया था।



## कृषि में पानी के दक्ष इस्तेमाल के लिए एक व्यवस्था बनाने की जरूरत : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** स्थानीय स्तर पर कृषि पारिस्थितिकी प्रणालियों के आधार पर जल-उपयोग दक्षता के लिए अच्छी प्रथाओं की सिफारिश करने के लिए एक माध्यम (टूल) विकसित करने की आवश्यकता है। डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन और सत्व नॉलेज इंस्टिट्यूट ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

'ट्रांसफॉर्मिंग क्रॉप कल्टिवेशन: एडवांसिंग वॉटर एफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर' शीर्षक वाली रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन और सत्व नॉलेज इंस्टिट्यूट ने पानी की कमी की जटिलताओं और भारतीय कृषि में इसके उपयोग को समझने के लिए एक व्यापक अध्ययन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाली और सबसे अधिक जल-कमी वाली कृषि अर्थव्यवस्था है। हमारी खाद्य सुरक्षा जल-गहन फसलों के उत्पादन की मांग करती है, जिससे हमारे जल संसाधनों पर दबाव पड़ता है। सत्व नॉलेज इंस्टिट्यूट के प्रिंसिपल और कृषि अभ्यास क्षेत्र के प्रमुख, देबरंजन पुजाहारी ने बयान में कहा, अगर हम भारत में आसन्न जल संकट को टालना चाहते हैं तो खेती में जल दक्षता बढ़ाना समय की मांग है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत, अपनी बढ़ती आबादी और सीमित मीठे पानी के संसाधनों के साथ, एक आसन्न जल संकट का सामना कर रहा है, जो कृषि में पानी पर भारी निर्भरता के कारण और बढ़ गया है। इसमें कहा गया है, दुनिया के केवल 4% मीठे पानी के स्रोत और 17% वैश्विक आबादी के साथ, स्थिति तत्काल ध्यान देने और अभिनव समाधान की मांग करती है। भारत में जल निकासी का 90% हिस्सा कृषि क्षेत्र से आता है। रिपोर्ट के अनुसार, अकेले कृषि क्षेत्र में, सिंचाई में देश के 84% कीमती जल भंडार का उपयोग होता है, इसके बाद घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों का स्थान है।

## बीमार शेरनी की इलाज के दौरान मौत, तीन लोगों को कर चुकी थी घायल

**अमरेली/भाषा।** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार को एक पशु देखभाल केंद्र में एक बीमार शेरनी की मौत हो गई जिसने पहले दो वन अधिकारियों समेत तीन लोगों पर हमला किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहायक वन संरक्षक जी एल वाघेला ने बताया कि तीन लोगों पर हमला करने पर जब 12 वर्षीय इस शेरनी को पकड़ा गया था तब वह अस्वस्थ थी। उन्होंने बताया कि अब उसकी मौत की वजह जानने के लिए उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा। वाघेला ने कहा कि इस शेरनी की मौत की वजह उसकी खराब सेहत हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस शेरनी ने 23 मार्च को जाफराबाद तालुका में मिटियाला गांव के समीप एक प्लास्टिक विनिर्माण इकाई के सुरक्षाकर्मी पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। उनके अनुसार, गार्ड को एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था और अब वह खतरे से बाहर है। वाघेला ने कहा, बाद में मिटियाला गांव के सरपंच ने हमारे कर्मियों को उसके(शेरनी के) ठिकाने की जानकारी दी थी और उन्हें बताया था कि शेरनी बीमार है। हमारे कर्मी दूरबीन की मदद से उसका पता लगा रहे थे तभी शेरनी ने उनपर हमला कर दिया। जब वाहन चालक वीरा वाघेला और 'ट्रैकर' हरेश पांड्या अपनी गाड़ी में चले गए, तब शेरनी ने गाड़ी के बायें तरफ का शीशा तोड़ दिया एवं दोनों पर हमला किया।

## मारुति सुजुकी ने वरिष्ठ स्तर पर कई अधिकारियों की भूमिका में बदलाव किया

**नई दिल्ली/भाषा।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के निदेशक मंडल ने एक अप्रैल, 2024 से विपणन और बिक्री कार्य के नए प्रमुख के रूप में पार्थो बनर्जी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। देश की सबसे बड़ी कार प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बनर्जी फिलहाल सेवा खंड के प्रमुख हैं।

मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, बनर्जी ने शशांक श्रीवास्तव का स्थान लिया है, जिन्हें विपणन एवं बिक्री प्रमुख के पद से सदस्य कार्यकारी समिति में स्थानांतरित किया गया है। कंपनी ने तरुण अग्रवाल को एक अप्रैल, 2024 से इंजीनियरिंग प्रमुख के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने सी वी रमन की जगह ली है, जिन्हें सदस्य कार्यकारी समिति में भेजा गया है। मारुति सुजुकी ने कहा कि अग्रवाल वर्तमान में पावरट्रेन खंड के कार्यकारी अधिकारी और प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। कंपनी ने संदीप रैना को उत्पाद योजना प्रमुख और राम सुरेश अकेला को सेवा प्रमुख नियुक्त किया है। एमएसआई ने वर्तमान में मानव संसाधन एवं आईटी प्रमुख राजेश उप्पल को भी सदस्य कार्यकारी समिति में स्थानांतरित कर दिया है।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट 1996 के मादक पदार्थ जब्ती मामले में दोषी करार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पालनपुर/भाषा।** गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर शहर की एक सत्र अदालत ने आईपीएस के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ जब्ती मामले में दोषी करार दिया।

इस मामले में अदालत द्वारा बृहस्पतिवार को सजा सुनाने की संभावना है। सत्र अदालत ने भट्ट को राजस्थान के एक वकील को झूठा फंसाने का दोषी ठहराया। भट्ट को 2015 में भारतीय पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। उस समय वह बनासकांठा जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत थे। जिला पुलिस ने राजस्थान के वकील सुमेरसिंह राजपुरोहित को 1996 में स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया था कि उसने पालनपुर के होटल के उस कमरे से मादक पदार्थ जब्त किया जहां वकील राजपुरोहित रह रहे थे। राजस्थान पुलिस ने हालांकि बाद में कहा राजपुरोहित को बनासकांठा पुलिस ने राजस्थान के पाली में स्थित एक विवादित संपत्ति को स्थानांतरित करने के वास्ते दबाव बनाने के लिए झूठा फंसाया था।

## मनसुख मांडविया ने केजरीवाल पर साधा निशाना

### दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं करने पर उठाए सवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता व्यक्त करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर उन्हें इतनी फिक्र होती तो वह आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करते।

मांडविया ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) को लागू नहीं करने के लिए भी केजरीवाल की आलोचना की। पीएम-एबीएचआईएम सभी स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल सुविधा को बनाए रखने में स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमताओं को मजबूत करने पर केंद्रित है। मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से केजरीवाल ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया कि सभी सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में लोगों के लिए दवाएं और जांच सुविधाएं उपलब्ध हों।

पीएम-एबीएचआईएम योजना के तहत, दिल्ली को 1,139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, 11 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और नौ महत्वपूर्ण देखभाल सुविधा ब्लॉक के लिए 2406.77 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। मांडविया ने कहा, योजना के तहत उपलब्ध वित्तीय सहायता का लाभ उठाने के लिए दिल्ली सरकार से कई बार सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया गया, लेकिन वह अभी तक आगे नहीं आई है। अगर आप वाकई दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं तो इस एमओयू पर हस्ताक्षर कर दिल्ली के लोगों के लिए 2,406.77 करोड़ रुपए प्राप्त करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) लागू नहीं की है, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी के लगभग 30 लाख लोग उस



योजना के लाभ से वंचित हैं जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए परिवार को प्रति व्यक्ति पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।

मांडविया ने कहा, केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली के कुल 6,54,041 परिवार (लगभग 30 लाख व्यक्ति) आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के लिए पात्र हैं। अगर दिल्ली में एबी पीएम-जेएवाई लागू होती तो राष्ट्रीय राजधानी को योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रति वर्ष 47 करोड़ रुपए मिलते। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस योजना के तहत अस्पतालों के शामिल नहीं होने के कारण दूसरे राज्यों से यहां काम करने के लिए आने वालों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाता।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली में देश भर से लोग आते हैं। वे आम तौर पर एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थी हैं। इस आबादी की स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, भारत सरकार ने 92 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया है। हालांकि, दिल्ली सरकार के अस्पतालों को योजना के तहत सूचीबद्ध नहीं किया गया है।

मांडविया ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में अस्पताल के बिस्तरों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

## भाजपा सांसद संजय कुमार का आरोप, होली की पूर्व संध्या पर महिलाओं पर हमला किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद बंदी संजय कुमार ने बुधवार को आरोप लगाया कि होली की पूर्व संध्या पर यहां चेंगिचेरला में उत्सव के आयोजन में शामिल गरीब महिलाओं पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया। संजय कुमार ने पुलिस पर महिलाओं एवं अन्य लोगों के खिलाफ ज्यादती का आरोप लगाया। उन्होंने चेंगिचेरला का दौरा किया, जहां होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न समुदायों के दो समूहों के सदस्यों के बीच झड़प हुई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के साथ ही सरकार ऐसा प्रतीत कराने की कोशिश कर रही है कि इस मामले में गलती इलाके के निवासियों की थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, उस दिन (भक्ति संगीत का) कार्यक्रम चल रहा था। रोहिंग्या समुदाय से संबंधित कुछ लोग आए और इसे रोकने के लिए कहा। इसे रोक दिया गया। समस्या का समाधान हो गया, इसके बावजूद 300 से 500 की संख्या में रोहिंग्या समुदाय के सदस्य और असामाजिक तत्व घटनास्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम कर रहे लोगों पर हमला किया। गलती किसकी थी? (घटनास्थल पर) कौन आया था?'' उन्होंने आरोप लगाया कि ''हमलावर'' उस स्थान पर आए जहां होली मनाई जा रही थी। उन्होंने अभद्र व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सोमवार को कहा था कि शहर के बाहरी इलाके चेंगिचेरला में एक धार्मिक स्थल के पास तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर बहस के बाद विभिन्न समुदायों के दो समूहों के सदस्य आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर पथराव किया। रविवार शाम को दो समूहों के बीच झड़प के बाद इलाके में हल्का तनाव फैल गया।

# कांग्रेस मुझे मुख्यमंत्री बनाने के बारे में भविष्य में फैसला करेगी : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गोकर्ण। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के बारे में भविष्य में फैसला करेगी। उनकी इस टिप्पणी के साथ ही राज्य में नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा एक बार फिर उभर कर सामने आ गया है। पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सिद्दरामैया और शिवकुमार दोनों मुख्यमंत्री पद की होड़ में थे और कांग्रेस ने शिवकुमार को राजी करते हुए उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया था। उस समय ऐसी कुछ खबरें थीं कि बारी-बारी से ''मुख्यमंत्री पद'' को लेकर एक समझौता हुआ है, जिसके तहत शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। एक स्थानीय मंदिर में दर्शन के दौरान एक पुजारी ने प्रार्थना की कि शिवकुमार को भगवान का आशीर्वाद मिले और वह मुख्यमंत्री बनें। विधानसभा कार्यकाल के बीच में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच, यहां उत्तर कन्नड़ जिले में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शिवकुमार ने नेतृत्व विषय पर राजनीतिक हलकों में चर्चा के मुद्दे पर जवाब दिया। विगत में, उन्होंने मुख्यमंत्री बनने की अपनी इच्छा खुलकर जतायी थी। शिवकुमार ने कहा, अगर कोई पुजारी पूजा के समय भगवान के सामने अपनी इच्छा व्यक्त करते हैं तो इसमें क्या गलत है? पुजारी ने अपनी इच्छा जतायी है।

अब सिद्दरामैया मुख्यमंत्री हैं, मैं उनके तहत उपमुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहा हूं, साथ ही मैं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी काम कर रहा हूं। लोग इसके बारे में बोलते हैं और यह इच्छा जताना (शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनना चाहिए) अलग बात है, यह हमारी पार्टी तय करेगी।

उन्होंने कहा, ''अब हम सभी सिद्दरामैया के नेतृत्व में काम कर रहे हैं और हमारी इच्छा है कि राज्य उनके नेतृत्व में प्रगति करे।''

शिवकुमार ने कहा, समर्थकों और पुजारियों सहित ऐसे कई लोग होंगे, जो हमारे लिए प्रार्थना करते हैं, वे अपनी राय सामने रखेंगे। क्या हम उन्हें ऐसा करने से रोक सकते हैं? उन्होंने (पुजारी ने) भगवान के सामने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

# कर्नाटक में टिकट आवंटन के मुद्दे पर कांग्रेस के पांच विधायकों ने इस्तीफे की धमकी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस के पांच विधायकों ने बुधवार को धमकी दी कि यदि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री के. एच. मुनियप्पा के दामाद चिक्का पेद्दन्ना को आगामी लोकसभा चुनाव में कोलार से टिकट दिया गया तो वे इस्तीफा दे देंगे। पार्टी ने अभी तक इस क्षेत्र में अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। ये विधायक पेद्दन्ना की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे हैं। पेद्दन्ना को टिकट मिलने से अनुसूचित जाति के वामपंथी धड़े को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

कोलार जिले के तीन विधायकों कोलार से कोथुर जी मंजूनाथ, मालूर से के. वाई. नांजेगौड़ा और चिंतामणि क्षेत्र से एम. सी. सुधाकर और दो विधानपरिषद सदस्यों (एमएलसी) अनिल कुमार और नसीर अहमद (मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के राजनीतिक सचिव) का कहना है कि अनुसूचित जाति के दक्षिणपंथी धड़े के उम्मीदवार को टिकट दिया जाना चाहिए। सुधाकर सिद्दरामैया मंत्रिमंडल में उच्च शिक्षा मंत्री हैं।

जिले के कांग्रेस के एक अन्य विधायक एस. एन. नारायणस्वामी (बंगारापेट) ने भी कहा कि अनुसूचित जाति के दक्षिणपंथी धड़े के उम्मीदवार को टिकट दिया जाना चाहिए, और पार्टी के कोलार सीट पर उम्मीदवार के बारे में फैसला करने के बाद वह अपने अगले कदम के संबंध में फैसला करेंगे। पार्टी के सूत्रों ने कहा, ''पार्टी में कोलार के दो गुटों के बीच यह वर्चस्व की लड़ाई है, जिनमें से एक का नेतृत्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के. एच. मुनियप्पा और दूसरे का नेतृत्व कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष के. आर. रमेश कुमार कर रहे हैं।'' दोनों एमएलसी ने परिषद के सभापति बसवराज होरट्टी से मुलाकात की और इसके बाद पत्रकारों को अपना त्याग पत्र दिखाया।

विधायकों ने हालांकि बाद में कहा कि उन्होंने सिद्दरामैया और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार के निर्देशों के बाद अभी इस संबंध में इंतजार करने का फैसला किया है। इस बीच शहरी विकास मंत्री बी. एस. सुरेश विधायकों से मिलने के लिए विधान सौध' पहुंचे और उन्हें इस्तीफा न देने के लिए मनाने की कोशिश की। सुरेश ने पत्रकारों से कहा, यह पता चलने पर कि विधायक नाराज हैं, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, पार्टी महासचिव और पार्टी अध्यक्ष ने मुझसे उन्हें मनाने के लिए कहा, ''और इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान किया जाएगा। मैंने उन्हें भी यही बात बताई है और वे सहमत हो गए हैं।''



केएच मुनियप्पा एवं केआर रमेश

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों दौरे पर हैं और वे आज रात बेंगलूरु वापस आएंगे और इसके बाद इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक कोलार सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है और एक दो दिन में उम्मीदवार की घोषणा कर दी जायेगी। सुधाकर ने कहा, मंत्री सुरेश ने हमें पार्टी नेतृत्व के निर्देशों से अवगत कराया है। हम देखेंगे कि पार्टी नेतृत्व क्या कहता है और अपनी अगली कार्यवाही तय करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है, बल्कि विधानसभा सचिवालय से त्यागपत्र का निर्धारित प्रारूप ले लिया है।

नांजेगौड़ा ने कहा कि विधायकों ने एक साथ मिलकर लोकसभा उम्मीदवार के बारे में पार्टी आलाकमान के साथ अपनी राय साझा की थी। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुनियप्पा ने कहा कि हाल में एक बैठक के दौरान निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस के सभी नेताओं ने निर्णय लिया था कि हर कोई आलाकमान, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के फैसले को मानेगा। उन्होंने कहा, आज एक नया घटनाक्रम हुआ है। मैं इसके बारे में नहीं जानता। मैं पार्टी के फैसले का पालन करूंगा।

मुनियप्पा ने कहा, ''मैं पार्टी का एक अनुशासित सिपाही हूं और उम्मीद करता हूं कि आलाकमान इन सभी चीजों पर विचार करके फैसला लेगा।'' मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मैसूरु में पत्रकारों से कहा कि यह सच है कि कोलार में असंतोष है, लेकिन अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख शिवकुमार ने कारवाड़ में कहा कि पार्टी ने अभी तक उम्मीदवार के संबंध में फैसला नहीं किया है और किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है और सभी को पार्टी अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने सभी से बात की है, वे सहमत हैं। मैं बेंगलूरु वापस जा रहा हूं और सब कुछ सुलझा लूंगा। हमें राज्य और पार्टी हित को ध्यान में रखना होगा।

# हार के चलते कांग्रेसियों में निराशा, भाषा हो रही बेलगाम : अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी हार तय है जिसके चलते सभीकांग्रेसी नेताओं में भारी हताशा है। बुधवार को यह बात उन्होंने भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के मीडिया सेन्टर ऑफ रेजॉजय में संवाददाताओं से कही। कोई भी इंसान तब निराश हो जाता है जब उसे उसकी हार दिखती है। उन्होंने विश्लेषण किया कि इस तरह के बयान तब आते हैं जब मन अशांत होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक तरह से पहले ही हार मान चुकी है और भ्रम में है। कोर्ट ने राहुल गांधी को मोदी के जाति वाले बयान पर जवाब देने का आदेश दिया। वह जमानत पर है। फिर भी उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी का राहु और राहुकेतु पूरी कांग्रेस पर चिपक गया है। तंगड़गी पहले भाजपा में थे। वह मंत्री भी थे। आज उनका बयान उनके खिलाफ हो गया है। उन्होंने कहा कि क्या यह संस्कृति मंत्री के बयान हो सकते हैं। जिन्हें कर्नाटक की संस्कृति को कायम रखना चाहिए? आज कांग्रेस पार्टी को सोचना चाहिए कि क्या वह उस पद के लायक हैं। आज कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताश हो गई है। उसके दिए गए बयान ही अशस्त्र बन रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पहले कांग्रेस ने मोदी को चाय वाला बताया तो चाय पर चर्चा शुरु हो गई। वहीं मोदी को चौकीदार चोर बताया तो सभी चौकीदार बन गए। हाल ही में लालू प्रसाद यादव ने मोदी के परिवार पर सवाल किया तो पूरा देश उनका परिवार बन गया। अब शिवराज तंगाड़गी ने कहा कि मोदी मोदी करने वालों को तमाचा मारो। यह कहीं उन पर ही उल्टा न पड़ जाए।



इस मौके पर राज्य के मुख्य प्रवक्ता अश्वत्थनारायण, विधायक रवि सुब्रमण्यम, विधान परिषद सदस्य चलुवाडी नारायणस्वामी, राज्य प्रवक्ता एच. एन. चन्द्रशेखर और सुरभि होतिगेरे शामिल हुए।

## जागरूकता



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बेंगलूरु महानगर पालिका द्वारा मतदान पर जागरूकता लाने के लिए बेंगलूरु में बुधवार को विधानसभा के समक्ष दिव्यांगों की स्कूटर और तिपहिया वाहनों की रैली का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य सचिव रजनीश गोयल, मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार मीणा, उपनिर्वाचन अधिकारी कुर्मा राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विधानसभा से लेकर कंटीरवा स्टेडियम तक निकाली गई इस रैली में अनेक दिव्यांगों ने भाग लिया। पालिके के मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ ने सभी को शत प्रतिशत मतदान करने और कराने की शपथ दिलवाई।

# मंगलूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। रिश्वत लेने के आरोप में पकड़े गए मंगलूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के आयुक्त मंसूर अली और उनके कथित दलाल मोहम्मद सलीम को स्थानीय अदालत ने मंगलवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मुडा के आयुक्त मंसूर अली को 23 मार्च को लोकायुक्त पुलिस के अधिकारियों ने जाल बिछाकर मंगला स्टेडियम के पास से एक दलाल के माध्यम से 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

लोकायुक्त पुलिस के प्रवक्ता ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि स्थानीय अदालत ने आयुक्त मंसूर अली एवं उसके दलाल मोहम्मद सलीम को सोमवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। शनिवार, 23 मार्च को लोकायुक्त पुलिस ने सलीम को उस समय गिरफ्तार किया जब वह मुडा आयुक्त मंसूर अली के निर्देश पर शिकायतकर्ता से 25 लाख रुपये की कथित रिश्वत ले रहा था। यह रिश्वत विकास अधिकार स्थानांतरण (टीडीआर) की मंजूरी के एवज में ली जा रही थी।

आरोपियों के पास से 25 लाख रुपये बरामद किए गए। लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि उसने मुडा के आयुक्त अली और उसके दलाल सलीम को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है।

## कर्नाटक में 60 स्थानों पर अधिकारियों के परिसरों पर लोकायुक्त की छापेमारी

बेंगलूरु। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी लोकायुक्त ने बुधवार को कर्नाटक में राज्य सरकार के 13 अधिकारियों से जुड़े 60 स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बेंगलूरु, बिदर, रामनगर, उत्तर कन्नड, उडुपी, कोडागु, मैसूरु और विजयपुरा जिलों में छापेमारी जारी है।

छापेमारी की कार्रवाई में लोकायुक्त के करीब 130 अधिकारी शामिल हैं जिनमें 13 पुलिस अधीक्षक (एसपी), 12 पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) और 25 पुलिस निरीक्षक हैं।



**बैठक**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोडागु में बुधवार को आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने भारत को विश्व गुरु बनाने और विकासशील भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही केन्द्र की सरकार को सुदृढ़ता देने के लिए भाजपा उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराज वाडियार को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने की बात कही। इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार यदुवीर कृष्ण दत्त वाडियार, सांसद प्रताप सिम्हा, पूर्व मंत्री एसए रामदास, पूर्व स्पीकर केजी बोपैय्या आदि उपस्थित थे।



**बैठक**

मैसूरु में बुधवार को शहर के इंदिरा गांधी कांग्रेस भवन में आयोजित एक समारोह में चामराज, कृष्णराज, नरसिम्हाराजा और चामुंडेश्वरी निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने किया। इस मौके पर केपीसीसी अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कार्यकारी अध्यक्ष तनवीर सेठ, मंत्री के. वेंकटेश, विधायक के. हरीश गौड़ा, अनिल चिक्कमडु, आश्रय समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक यतींद्र सिद्दरामैया, एमके सोमशेखर, गारंटी कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष पुष्पा अमरनाथ, मैसूर -कोडागु लोकसभा उम्मीदवार एम. लक्ष्मण, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, एवं जिला व तालुक स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनार्दन रेड्डी के भाजपा में जाने से भड़की कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कांग्रेस ने कर्नाटक में कल्याण राज्य प्रगति पक्ष के विधायक जी जनार्दन रेड्डी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खनन माफिया को पार्टी में शामिल कर भाजपा ने जता दिया है कि वह माफियाओं की संरक्षक है और भ्रष्टाचार का पोषण करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ा सवाल है कि श्री रेड्डी के खिलाफ 20 मामले लंबित हैं और भ्रष्टाचार करने के अनेक साक्ष्य होने के बावजूद उन्हें बचाया जा रहा है। सरकार को बताना चाहिए कि जब उनके खिलाफ सबूत भी है तो फिर उनके लिए लाल कालीन क्यों बिछाई जा रही है।

उन्होंने प्रश्न किया क्या मोदी सरकार अपने इस कदम से भ्रष्टाचार को ख़त्म करने के दावों को खोखला करार नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं- मैं 'जनता-जनार्दन' के लिए खुद को खपा रहा हूं। वह जनता के लिए खपते कभी नहीं दिखे लेकिन जनार्दन रेड्डी के लिए खपते हुए जरूर दिख रहे हैं। रेड्डी के ऊपर 35 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप है और उस पर सीबीआई समेत 20 मामले लंबित हैं। जंगलों और खदानों में अवैध खनन कर उसने उन्हें बर्बाद कर दिया है।

प्रवक्ता ने कहा कि यह वही जनार्दन रेड्डी है, जिसके बारे में एक जज ने कहा था कि उसने बेल लेने के लिए 40 करोड़ रुपए की रिश्वत ऑफर की थी। बेल्लारी बंधु- हम तीन दशक से ये नाम सुन रहे हैं।

## गोविन्द कारजोल चित्रदुर्गा से होंगे उम्मीदवार

बेंगलूरु। कर्नाटक के चित्रदुर्गा लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविन्द कारजोल को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किये। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत नामों के अनुसार श्रीमती राणा महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से उम्मीदवार होंगी जबकि कर्नाटक की चित्रदुर्गा (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किये जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

बेंगलूरु कैफे विस्फोट

# एनआई की कर्नाटक में कई ठिकानों पर छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने बुधवार को बेंगलूरु और शिव्वमोग्गा जिले में छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने बेंगलूरु के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली शहर में भी छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर की गई, जिसका हमलावर से सीधा संपर्क था। आरोप है कि उसी ने ही हमलावर को इस वारदात को अंजाम देने के लिए आर्थिक मदद भी मुहैया कराई थी। हालांकि, एनआईए की कार्रवाई के संदर्भ में और जानकारी का इंतजार है।

इससे पहले मंगलवार को एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो संदिग्ध लोगों का हमलावर से सीधा संपर्क था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने इस छापेमारी को एक संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर अंजाम दिया है। हालांकि, एनआईए की छापेमारी जारी है, लेकिन अभी तक हमलावर के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है।

# चुनावी रणभेरी बज उठी कर्नाटक में भी

## नामांकन पत्र जमा कराने की अधिसूचना आज से ▸ 14 सीटों पर 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

**लोकसभा चुनाव**



भूपेन्द्र कुमार 'भानू'
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में 28 लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण में दक्षिण कर्नाटक की 14 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र जमा कराने की सूचना 28 मार्च से शुरु हो जाएगी। 14 निर्वाचन क्षेत्रों के जिला कलेक्टर जो चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी भी हैं चुनाव प्रक्रिया शुरु करने के लिए अधिसूचना जारी करेंगे।

लोकसभा चुनाव की इस दौड़ में 28 मार्च से उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र जमा कराएंगे। मैसूरु-कोडगु के अलावा मंड्या, चामराजनगर, हासन, उडुप्पी, चिकमंगलूरु, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्गा, टुमकूर, बेंगलूरु ग्रामीण, बेंगलूरु उत्तर, बेंगलूरु सेन्ट्रल, बेंगलूरु दक्षिण, चिक्कबल्लापुर, और कोलार लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।

28 मार्च से शुरु होकर सभी प्रत्याशी 4 अप्रैल तक अपना नामांकन भर सकते हैं। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जाएगी तथा कोई प्रत्याशी अगर अपना नामांकन पत्र वापस लेना चाहता है तो 8 अप्रैल तक का समय रहेगा। 26 अप्रैल को मतदान होगा तथा 4 जून को नतीजे आएंगे। इस बार लोकसभा चुनाव में इन 14 सीटो के लिए कांग्रेस 14 सीट पर, भाजपा 11 सीट पर एवं जनता दल (एस) 3 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। पिछले चुनाव में इन 14 निर्वाचन क्षेत्रों में से भाजपा के पास 11 सीटें थीं वहीं जद (एस), कांग्रेस और निर्दलीय के रूप में तीन सीट जीती गई थीं। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और जनता दल (एस) ने एक साथ चुनाव लड़ा था वहीं इस बार भाजपा के साथ जनता दल (एस) चुनावी मैदान में हैं। राज्य की सत्ता में कांग्रेस काबिज है। मंड्या लोकसभा चुनाव क्षेत्र से जनता दल एस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी मैदान में हैं वहीं बेंगलूरु ग्रामीण से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। उनका मुकाबला इस बार भाजपा के उम्मीदवार एवं लोकप्रिय हृदयरोग विशेषज्ञ तथा कुमारस्वामी के जीजाजी डॉ. मंजुनाथ कर रहे हैं। वहीं लोकसभा की मैसूरु-कोडगु सीट से शाही वंशज यदुवीर श्रीकृष्णदत्त वाडियार भाजपा के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस और भाजपा ने इस चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना रखा है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया इस चुनाव में कर्नाटक से कांग्रेस को अधिक से अधिक सीट जीताने का भरोसा दे रखे हैं। वहीं पिछले चुनाव में कांग्रेस की कर्नाटक से 1 सीट थी। भारतीय जनता पार्टी नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी 28 सीटों पर चुनाव जीतने का दम भर रही है। इसके लिए भाजपा ने जनता दल (एस) से भी समझौता किया है। कर्नाटक में पहले चरण के लिए 14 सीटों पर 28 मार्च से नामांकन भरना शुरु हो जाएगा। 28 मार्च से कर्नाटक में चुनावी माहौल गरमा जाएगा। सभी पार्टी जीतने के लिए एडी चोटी का जोर लगाएंगी। बढ़ती गर्मी के साथ चुनावी पारा भी सातवें आसमान पर रहेगा।

## रिश्वत लेते हुए हैड कांस्टेबल सहित वाहन चालक गिरफ्तार

बेंगलूरु। लोकायुक्त ने एक हैड कांस्टेबल व वाहन चालक को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। लोकायुक्त एसीपी उमादेवी ने बताया कि पीनिया एसीपी ऑफिस के पास एक हैड कांस्टेबल गंगाहनुमैय्या व एसीपी वाहन चालक नागराज को एक व्यक्ति से 50 हजार रुपए की नकद रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त इंस्पेक्टर विजयकृष्णा और उनकी टीम ने पकड़ा है। सुकंदकट्टे में एक गैस सिलेन्डर गोदाम को खोलने के लिए परमिशन हेतु दो लाख रुपए रिश्वत के रूप में मांगे गए थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **बहुजन जनशक्ति पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 'नं. 136/ए, उझईपवर मैय्यम, एट्थ मेन, न्यू बागलूर लेआउट, डी. देवराज अर्स नगर, सेंट थॉमस टाउन, बेंगलूरु-560 084' में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पते नीचे दिए गए हैः-

**सभापति/अध्यक्षः** आदिसत्यनारायण पुत्र आदिमूलम, निवासी- नं. 15, जेवी शेट्टी रोड, रामासामी पाल्या, बेंगलूरु-560 033

**महासचिव/सचिवः** श्री जेम्स, नं. 27/ए, 5वां क्रॉस, 5वां मैन, बीएसवी रेड्डी लेआउट, आरएम नगर मैन रोड, बेंगलूरु-560 016

**कोषाध्यक्षः** श्रीमती मोक्षा मैरी, नं. 27/ए, 5वां क्रॉस, 5वां मैन, बीएसवी रेड्डी लेआउट, आरएम नगर मैन रोड, बेंगलूरु-560 016

यदि किसी को '**बहुजन जनशक्ति पार्टी**' के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।






# आखिरी दिन भाजपा, कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन जिला मुख्यालय पर राजनीतिक सरगर्मी रही। भाजपा व कांग्रेस के दावेदारों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों ने सभाएं की और बाजारों में शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा ने जिला निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख नामांकन के चार सेट प्रस्तुत किए। इसके बाद उन्होंने गुप्तेश्वर रोड स्थित विवाह पहले में सभा की।

नामांकन सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि यह चुनाव मिलकर लड़ना है। कार्यकर्ता छोटी-मोटी बात को नजर अंदाज करें। यह बड़ा चुनाव है और देश का चुनाव है, आने वाले भविष्य का चुनाव है। इसमें राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को कामयाब बनाना है। राजस्थान में दौसा की सीट पर सबसे अधिक अंतर से जीतना है। उन्होंने कहा कि मुरारी लाल मीणा को जनता के भरोसे चुनाव लड़ाया जा रहा है।

भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा ने नामांकन दाखिल करने के बाद गुप्तेश्वर रोड पर सत्यनारायण गार्डन में सभा की। सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि राष्ट्रहित के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से लाना है। इस बार भाजपा का 400 पार का नारा कामयाब बनाना है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में 25 सीटों पर कमल खिलाना है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा पीएम मोदी के चेहरे व कमल के निशान पर चुनाव लड़ रही है। इसमें कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं। सभा में पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, वीरेंद्र मीणा, पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा, महवा विधायक राजेंद्र मीणा, लालसोट विधायक रामविलास मीणा, सिकराय विधायक विक्रम बंसीवाल, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा, भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रभु दयाल शर्मा, लोकसभा के संयोजक सत्यनारायण शाहरा, पूर्व विधायक शंकर शर्मा, बिरदीचंद शर्मा, लोकसभा क्लस्टर सहसंयोजक विष्णु चेतानी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रतन तिवारी, अमर सिंह कसाना, नीलम गुर्जर, फतेह सिंह डोई, भावना शर्मा, शहर अध्यक्ष राजेश शर्मा, बाबूलाल शर्मा गुरुजी सहित कई नेता शामिल हुए।

5 दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए नरेश मीणा को पार्टी का टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने के बाद नरेश मीणा ने कलेक्ट्रेट से सोमनाथ मंदिर तक कनक दंडवत यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि दौसा की जनता का आशीर्वाद लेने के लिए यह कनक दंडवत निकल रहे हैं। वह 44 साल के हो गए लेकिन आज तक उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया। ऐसे में अब जनता जनार्दन के आशीर्वाद से वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। कनक दंडवत के दौरान तेज धूप व गर्मी के कारण नरेश मीणा गश खाकर भी गिर पड़े। बाद में कार्यकर्ताओं ने उन्हें संभाला।

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जयपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मंजू शर्मा ने निवर्तमान सांसद रामचरण बोहरा, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, महापौर ग्रेटर डॉक्टर सौम्या गुर्जर, पूर्व विधायक अशोक लाहोटी सहित पार्टी के नेताओं के साथ नामांकन दाखिल किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा, विधायक अमीन कागजी, रफीक खान सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान खाचरियावास ने कहा कि वह शहर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे और यूडी टैक्स को बंद करवाएंगे जिससे इंस्पेक्टर राज खत्म हो सके। वहीं भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि वर्तमान में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सही नहीं है और उसके सुधार के प्रयास किए जाएंगे उसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा।



# देश में माहौल बन गया है कि मोदी जीते तो आगे चुनाव होंगे ही नहीं : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चूरू। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां की नामांकन सभा में जनता को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

गहलोत ने कहा कि आज देशभर में यह माहौल बन गया है कि मोदी जी जीत गए तो आगे चुनाव होंगे कि नहीं होंगे। बीजेपी ने जनता से झूठे वादे किए थे। 15 लाख रुपये देने का वादा था, 2 करोड़ नौकरी देने की बात कही थी, लोकपाल, काला धन वापस लाने और जनता की आय दुगुनी करने का वादा किया था। नरेंद्र मोदी जब सीएम थे तब कहते थे कि सरकार को चाहिए कि किसानों को एमएसपी दी जाए। आज 10 साल हो गए हैं मोदी जी को सत्ता में आए हुए। किसान आंदोलन कर रहे हैं और मर रहे हैं। गहलोत ने जनता को अपनी सरकार के काम भी गिनाए। उन्होंने कहा कि हमने 200 यूनिट बिजली फ्री दी, लोगों को पेंशन दी, 15 लाख भर्ती की गांरटी दी, चिरंजीवी योजना के जरिए फ्री दवाईयां और फ्री ऑपरेशन की सुविधा दी। पूरी दुनिया में ऐसी योजना कहीं नहीं है जैसी राजस्थान में है। लोग कहते थे कि इस बार राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बन जाएगी। बीजेपी ने पार्टी के खिलाफ झूठ फैलाया। बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिंदू को 5 लाख रुपये दिए और मुस्लिम को 50 लाख दिए। गहलोत ने कहा कि हमने कन्हैया के आरोपियों को दो घंटे में पकड़ लिया था।

डोटासरा का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि वह शानदार डांस करते हैं। मैं तो खुद देखता रह गया था जब उनके यहां ईडी का छापा पड़ा था और वह गाड़ी के ऊपर नाच रहे थे। बीजेपी पर आरोप लगाते हुए गहलोत ने कहा कि ये खरीद फरोख्त करके नेताओं की पार्टी बदलवाते है। महाराष्ट्र में 50 करोड़ देकर 50 विधायक ले गए। चुनाव जनता जितवाती है लेकिन बीजेपी पैसा बांटकर सरकार लूटकर ले जाती हैं। गहलोत ने जनता से पूछा कि ऐसे में आपके वोट की वैल्यू क्या रहेगी। बीजेपी वोट के अधिकार को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव देश के भविष्य का हो रहा है, बाबा साहब के संविधान को बचाने और लोकतंत्र को बचाने का हो रहा है। गहलोत ने यह भी कहा कि देश के अंदर सभी भाईचारे के साथ रहेंगे तो देश उन्नति करेगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग करें।

# झालावाड़ में कांग्रेस को चार दशकों से जीत की है तलाश

लोकसभा चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में झालावाड़-बारां संसदीय सीट पर कांग्रेस की प्रत्याशी की तलाश एक बार फिर से बारां के 'भाया परिवार' पर जाकर समाप्त हुई है। कांग्रेस ने अगले महीने होने वाले लोकसभा चुनाव में बारां की जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया को अपना प्रत्याशी घोषित किया है जिनके पति प्रमोद जैन भाया नवम्बर में हुए विधानसभा चुनाव में मंत्री रहते बारां जिले की अंता सीट से हार चुके हैं। श्रीमती जैन इस संसदीय सीट से दूसरी बार चुनाव लड़ रही है।

कांग्रेस एक ओर जहां इस संसदीय सीट से वर्ष 1984 के बाद के बीते करीब चार दशकों में यहां से जीत को तरसती रही है वहीं साल 1989 से इस सीट पर 'राजे परिवार' का ही एक पक्षीय दबदबा कायम रहा है और इस बार भी इसी परिवार का सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के रूप में लगातार दसवीं जीत दर्ज करने के लिए फ़िर से चुनाव मैदान में है।

श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद बनी सहानुभूति लहर के बीच वर्ष 1984 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ कर अब तक अंतिम बार जीते जुझार सिंह के बाद पार्टी यहां से हार के रिकॉर्ड गढ़ती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी के रूप में दुष्यंत सिंह ने झालावाड़-बारां संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया को दो लाख 81 हजार 546 मतों के अंतर से हराया था। इस तरह से उन्होंने इस संसदीय सीट पर सबसे अधिक मतों से चुनाव जीतने के अपनी माता वसुंधरा राजे के कीर्तमान को तोड़ा था और पांच साल बाद वर्ष 2019 में पिछला चुनाव चार लाख 53 हजार 928 मतों के विशाल अंतर से दुष्यंत सिंह ने ही जीता था और इस बार कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद शर्मा को हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया।

श्रीमती राजे झालावाड़-बारां संसदीय सीट से 1989 में पहली बार चुनाव जीती थी और उसके बाद से लगातार वर्ष 1991,1969,1998 और 1999 भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतती रही। बाद में वर्ष 2004 में विरासत के रूप में श्रीमती राजे ने इस सीट को अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के लिए छोड़ा और तब से वे यहां से चुनाव जीतते आ रहे हैं। वर्ष 2004 में इस संसदीय क्षेत्र से दुष्यंत सिंह ने पहला संसदीय चुनाव लड़ा था और विजय रहे थे। उसके बाद से 2009, 2014 और 2019 के चुनाव वही जीतते आ रहे हैं। इस बार भी वे ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं।

सामान्य वर्ग की झालावाड़-बारां सीट में दोनों जिलों की आठ विधानसभा क्षेत्र बारां जिले के अंता, किशनगंज, बारां-अटरू, छबड़ा और झालावाड़ जिले के झालरापाटन, डग, मनोहर थाना और खानपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के अनुसार आंकलन किया जाए तो यहां भाजपा काफ़ी मजबूत स्थिति में है क्योंकि आठ विधानसभा क्षेत्रों में से कांग्रेस केवल झालावाड जिले की खानपुर सीट ही 8425 मतों के साधारण अन्तर से जीत दर्ज कर पाई है वरना तो पूरे बारां जिले में कांग्रेस का सफ़ाया हुआ है।

विधानसभा चुनाव में दोनों जिलों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं में से भाजपा के प्रत्याशियों पर 7 लाख 71 हजार 783 मतदाताओं ने विश्वास जताया था जबकि कांग्रेस उम्मीदवारों को इनकी तुलना में एक लाख 44 हजार 898 कम छह लाख 26 हजार 885 मत मिले थे। झालावाड जिले में भाजपा को कुल 4 लाख 16 हजार 006 मत मिले और बारां जिले में 3 लाख 55 हजार 777 मत मिले जबकि कांग्रेस को झालावाड़ जिले में 3 लाख 24 हजार 112 और बारां जिले में 3 लाख 2 हजार 773 मत मिल पाए।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए 275 नए सहायक मतदान केन्द्र मंजूर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में 275 नये सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 1370 सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना के लिए मंजूरी दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ये सहायक मतदान केन्द्र राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उन मतदान केन्द्रों पर बनाए जाएंगे जहां मतदाताओं की संख्या 1450 से अधिक है। ये मतदान केन्द्र मूल मतदान केन्द्र के साथ उसी भवन में स्थापित किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आयोग ने चुनाव के पहले चरण में 1095 सहायक मतदान केंद्र की और अब दूसरे चरण के लिए 275 सहायक मतदान केंद्रों की मंजूरी दी है। राज्य में निर्वाचन विभाग द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद 275 नये सहायक मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया था, जिसका अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

गुप्ता ने एक बयान में बताया कि राज्य में 51,756 मूल मतदान केन्द्र आयोग द्वारा अनुमोदित हैं। अब कुल 1370 सहायक मतदान केन्द्रों के बाद 53,126 मतदान केन्द्र हो गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह केंद्र यथासंभव उसी भवन में बनेंगे और मतदाताओं की संख्या का विभाजन दोनों केंद्रों पर इस प्रकार किया गया है जिससे मतदान के दौरान लोगों को अधिक समय तक लाइन में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप सुगम, सहज, सुरक्षित मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर टॉयलेट्स, पेयजल, बिजली, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर, रैंप सहित सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सहूलियत के लिए मतदान केन्द्रों पर साइनेज और हेल्प डेस्क की उचित व्यवस्था भी की जाएगी।



# कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने अंबाजी माता का लिया आशीर्वाद, 4 अप्रैल को भरेंगे नामांकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालोर। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने आज अंबाजी माता शक्तिपीठ में मत्था टेक दर्शनलाभ लिया। उन्होंने कहा कि माताजी के आशीर्वाद से उन्हें लोकसभा चुनाव में जीत अवश्य मिलेगी। वैभव 4 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने आज आबूरोड के सुरपगला में जनसंवाद के दौरान यह जानकारी दी। वैभव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जनता के हित के लिए काफी काम किया, कई योजनाओं का संचालन किया। लेकिन भाजपा सरकार द्वारा अब योजनाएं बंद की जा रही हैं, उनमें मिलने वाला लाभ कम किया जा रहा है, लोगों को रोजगार से हटाया जा रहा है। चिरंजीवी का लाभ नहीं मिलने से आमजन बहुत परेशान है। बीमारी के इलाज के लिए भटक रहा है। इससे जनता में भाजपा को लेकर नाराजगी पनप चुकी है। जनता में पश्चाताप का माहौल है कि उसने भाजपा को वोट क्यों दिया। इसका फायदा लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मिलेगा। वैभव गहलोत 28-29 मार्च को आहोर क्षेत्र में गांवों के दौरे पर रहेंगे।

आबूरोड में जनसंपर्क के दौरान वैभव ने कहा कि वह जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों के लोगों के सुख-दुख और मान-सम्मान में हमेशा खड़े रहेंगे और उनकी हर परेशानी को दूर करने की भरसक कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जालोर-सिरोही अब तक काफी पिछड़ा रहा है, लेकिन अब जालोर-सिरोही क्षेत्र को विकसित करना है और जनता के सहयोग से वे इस लक्ष्य को पूरा करके ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल को वे नामांकन करने जा रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों को उनके नामांकन में शामिल होना है।

वैभव ने कहा कि जालोर की जनता ने भाजपा को खूब मौके दिए और 20 साल का लंबा वक्त दिया। इन दो दशकों में भाजपा सांसदों द्वारा जिस तरह का विकास जालोर-सिरोही का कराना चाहिए था, नहीं हुआ। जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र की हमेशा उपेक्षा की गई। दुख के साथ कहना पड़ता है कि पिछले तीन साल से सांसद रहे देवजी पटेल तो गांवों में लोगों से मिलने तक नहीं आए। उन्होंने कहा कि बीते दिनों दक्षिण के राज्यों में रह रहे जालोर-सिरोही के प्रवासी भाईयों से संवाद हुआ तो उन्होंने यही शिकायत की कि बरसों से प्रवासी राजस्थानियों के लिए ट्रेनें कनेक्टिविटी ही नहीं है।

राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिविटी नहीं है। वैभव ने कहा कि अब मैं इस समस्या को दूर करके ही दम लूंगा। वैभव ने कहा कि अभी भी राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के दाम दूसरे राज्यों की तुलना में काफी ज्यादा है। भाजपा ने पेट्रोल-डीजल के दाम में जो कटौती की है, वह एक दिखावा है और उससे आम जनता को कोई खास फायदा नहीं हुआ है। फायदा तब मिलता जब वैट में अधिक कटौती कर दाम दूसरे राज्यों के बराबर लाए जाते।

# राजस्थान में अब तक 58 हजार से अधिक मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना

लोकसभा चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में अब तक 58 हजार से अधिक मतदाताओं ने घर से मतदान अर्थात 'होम वोटिंग' का विकल्प चुना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, राज्य में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष पात्र मतदाताओं के लिए राज्य में पहली बार लोकसभा चुनाव में 'होम वोटिंग' की पहल की गई है। अब तक करीब 58 हजार पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। इनमें 43,638 वरिष्ठ नागरिक और 14,385 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा 'होम वोटिंग' के लिए इच्छुक पात्र मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा क्षेत्रों के लिए अभ्यर्थियों के नाम तय हो जाने के बाद घर-घर जाकर मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने एक बयान में बताया कि पहले चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए 27 मार्च तक पंजीकरण किया जाएगा। अब तक 35,542 लोगों ने होम वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें 26,371 वरिष्ठ नागरिक और 9,171 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

बयान के अनुसार, निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को एक अप्रैल तक उपलब्ध करवाएंगे। इसके बाद विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 4 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। ये विशेष टीमें राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में पंजीकृत मतदाताओं के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करवाएंगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा।

यह भी बयान में कहा गया है कि राज्य में दूसरे चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, वहां होम वोटिंग के लिए दो अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। अब तक करीब 22,500 पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें 17,324 वरिष्ठ नागरिक और 5,222 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं बयान के अनुसार, निर्वाचन अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को आठ अप्रैल तक उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद होम वोटिंग के लिए विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 13 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी।

# अलवर में गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों की पिटाई

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों की कथित तौर पर पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना अलवर के खुशखेड़ा थाना इलाके में बुधवार तड़के करीब तीन बजे हुई और चारों लोग हरियाणा के रहने वाले हैं। खुशखेड़ा थानाधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि गश्ती अधिकारी को सूचना मिली कि कुछ स्थानीय लोगों ने एक पिकअप वाहन पकड़ा है जिसमें गायों की तस्करी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कथित तौर पर गायों की तस्करी कर रहे चार लोग घायल अवस्था में पाए गए। अधिकारी के अनुसार उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और पिकअप वाहन में बरामद सात गायों को गौशाला भेजा गया है।

# एम-वाई फैक्टर की मदद से उप्र की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा : रविकिशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी एम-वाई फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है।

रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा।

भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है।

पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

## 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगा'



**रांची/भाषा।** बिहार में भाजपा के सह-प्रभारी दीपक प्रकाश ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य की सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगा। भाजपा की झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश को पार्टी ने बिहार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। बिहार की 40 लोकसभा सीट पर चुनाव सात चरणों में होंगे। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होगा।

स्टार प्रचारक के रूप में उनके नाम की घोषणा के तुरंत बाद राज्यसभा सदस्य प्रकाश ने कहा, भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगी और जनता पूरे देश में 400 सीट का आंकड़ा पार कर मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। उन पर भरोसा जताने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा शानदार जीत दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा ने रविवार को राज्य की 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। इसने केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सहित तीन मौजूदा सांसदों को इस बार टिकट नहीं दिया। भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड) और दिवंगत राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 39 सीट पर जीत दर्ज की थी।



# मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मेरठ (उप्र)/भाषा।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले और मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था और उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते।

गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया। इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गए तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।

राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में अरुण गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता।

# देश बेरोजगारी के 'टाइम बम' पर बैठा है : कांग्रेस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (आईएचडी) की भारत में रोजगार की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश बेरोजगारी के 'टाइम बम' पर बैठा है और युवा यह समझ चुके हैं कि मोदी सरकार रोजगार नहीं दे सकती।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा एवं जयराम रमेश तथा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इस रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस के पास रोजगार को लेकर ठोस योजना है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। उनके मुताबिक, आईएलओ और आईएचडी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है। उन्होंने दावा किया, हम बेरोज़गारी के 'टाइम बम' पर बैठे हैं। लेकिन मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार यह कहकर प्रिय नेता का बचाव करते हैं कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। खरगे का कहना था कि 2012 की तुलना में मोदी सरकार में युवा बेरोजगारी तीन गुना हो गई है, कांग्रेस ''युवा न्याय' लेकर आई है। उन्होंने दावा किया, मोदी जी ने 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन युवाओं से 12 करोड़ से ज्यादा नौकरियां छीन लीं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत के कुल कार्यबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं।

# महुआ मोइत्रा को 'बदले की राजनीति' के तहत ईडी समन जारी किया गया : तृणमूल कांग्रेस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कृष्णानगर क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा को ''बदले की राजनीति'' के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का समन जारी किया गया है और चुनाव से पहले एजेंसियों का ''दुरुपयोग'' किया जा रहा है। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

टीएमसी प्रवक्ता कृष्णु मित्रा ने कहा, यह महुआ मोइत्रा के खिलाफ बदले की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास टीएमसी का मुकाबला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है और वह चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने दावा किया कि लोगों के बीच बढ़ते असंतोष को देखते हुए, भाजपा विमर्श को बदलने के लिए हर संभव तरीके का इस्तेमाल कर रही है। मित्रा ने कहा, उन्हें संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने की अनुमति नहीं दी गई और फिर उन्हें निष्कासित कर दिया गया। अब, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के छापे और ईडी समन। इससे भाजपा को कुछ भी हासिल नहीं होगा।

# ईडी ने महुआ मोइत्रा, कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को तलब किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुईं और नोटिस को टालने की मांग की थी।

सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा और हीरानंदानी को बृहस्पतिवार को यहां ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया है। हीरानंदानी को एजेंसी ने उनके मुंबई स्थित 'रियल्टी समूह' के खिलाफ एक अलग फेमा मामले में भी तलब किया था। इससे पहले उनके पिता निरंजन हीरानंदानी मुंबई में ईडी के सामने पेश हुए थे। मौजूदा मामले में सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा से कथित तौर पर जुड़े एक अधिवक्त से ईडी ने बुधवार को यहां अपने कार्यालय में पूछताछ की। मोइत्र को 'रिश्वत लेकर सवाल पूछने' के मामले में दिसंबर में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन्हें उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से फिर से उम्मीदवार घोषित किया है।

# सीएए के आधार पर बंगाल में 35 सीटें जीतने के लक्ष्य पर काम कर रही है भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव में 35 सीट जीतने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है और उसने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को राज्य में मुख्य मुद्दा बनाया है। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों ने भाजपा की प्रदेश इकाई में आंतरिक मतभेद, सांगठनिक कमजोरियों और वाम-कांग्रेस गठबंधन के फिर से आकार लेने का दावा करते हुए भाजपा के सामने चुनौतियों का उल्लेख किया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने राज्य में 18 सीटें जीतकर और 40% मत हासिल करके शानदार प्रदर्शन किया और इस बार के चुनाव में उसने 35 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। भाजपा यूं तो पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का लाभ लेना चाहती है लेकिन वह राज्य में सीएए को भी भुनाना चाहती है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि यह कानून भाजपा के लिए एक तरफ फायदेमंद तो दूसरी तरफ चुनौतीपूर्ण भी साबित हो सकता है। उनका मानना है कि सीएए हिंदू समुदाय को एकजुट कर सकता है, वहीं इस पर अल्पसंख्यकों की प्रतिकूल प्रतिक्रिया भी आ सकती है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की संभावनाएं काफी हद तक वाम-कांग्रेस गठबंधन के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती हैं, जिसे राजनीतिक विश्लेषक राज्य के 42 लोकसभा क्षेत्रों में पहले से अच्छी स्थिति में देख रहे हैं।

# केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

## 'आप' ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा विधायकों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा विधायकों के पीछे-पीछे हो लिए।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इसी बीच, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर करीब 12 बजे विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

# दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगता है, तो यह ''राजनीतिक प्रतिशोध'' का मामला होगा : आतिशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है, तो यह स्पष्ट तौर पर ''राजनीतिक प्रतिशोध'' का मामला होगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी की सरकार जेल से नहीं चलाई जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

सक्सेना के बयान पर आतिशी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का हवाला दिया, जो किसी विधायक को दोषी ठहराए जाने पर अयोग्य घोषित कर देता है।

आतिशी ने कहा, वह (उपराज्यपाल) किस संवैधानिक प्रावधान का जिक्र कर रहे हैं? देश का कानून बिल्कुल स्पष्ट है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार (जीएनसीटीडी) अधिनियम में स्पष्ट कहा गया है कि यदि आपके पास सदन में बहुमत नहीं है तो आप मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। ये प्रावधान लागू नहीं होते फिर, किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा?''

आतिशी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय भी कह चुका है कि राष्ट्रपति शासन तभी लगाया जा सकता है जब कोई विकल्प न हो।

मंत्री ने कहा, देश का कानून बहुत स्पष्ट है-राष्ट्रपति शासन केवल तभी लगाया जा सकता है जब कोई अन्य विकल्प न हो। अनुच्छेद 356 का मुद्दा कई बार उच्चतम न्यायालय में गया है और न्यायालय ने हर बार फैसला सुनाया है कि राष्ट्रपति शासन केवल तभी लगाया जा सकता है जब राज्य के शासन के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है।

उन्होंने कहा, अगर आज राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है।

# बीजद ने नौ लोकसभा और 72 विधानसभा उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया

**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने बुधवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए नौ और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 72 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ चार चरणों ( 13, 20,25 मई व एक जून को) में मतदान के साथ संपन्न होंगे। पटनायक खुद गंजम जिले के हिंजिली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा के लिए घोषित किए गए 72 उम्मीदवारों में 13 नए चेहरे और 12 महिला प्रत्याशी शामिल हैं। बीजद अध्यक्ष ने ज्यादातर मंत्रियों और विस अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक को फिर उम्मीदवार बनाया है। मल्लिक अपनी पारंपरिक सीट जाजपुर जिले में बिंझरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। जिन मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए फिर से टिकट दिया है उनमें शामिल हैं: जगन्नाथ सरका (बिसाम कटक), रीता साहू (बीजेपुर), अश्विनी पात्रा (जलेश्वर), प्रीति रंजन घराई (सुकिंदा), प्रफुल्ल सामल (कामाख्या नगर), निरंजन पुजारी (सोनेपुर), तुकुनी साहू (टिटलागढ़), राजेंद्र ढोलकिया (नुआपाड़ा), प्रदीप अमात (बौध), रणेंद्र प्रताप स्वैन (अठगाह), प्रताप देब (औल) व अतानु सब्यसाची नायक (महाकालपाड़ा)।

# नोवाक जोकोविच ने कोच गोरान इवानिसेविच से नाता तोड़ा



**लंदन/एपी।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती काफी मजबूत रही। जोकोविच ने 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हार गए थे। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड कार्डधारी के तौर पर विंबलडन का खिताब जीता था।



# सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड/भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-ह्सुन से होगा।

लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था।

सिंधू ने इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिए। शुरुआती गेम की जीत की लय को सिंधू दूसरे गेम में भी जारी रखने में सफल रही। उन्होने 4-4 के स्कोर को 11-6 में बदलने के बाद मुकाबले में दबदबा बनाए रखा जिससे झांग का खेल दबाव में बिखर गया।

# महिला को निर्वस्त्र करने के बाद पीटते हुए गांव में घुमाया गया, चार महिलाएं गिरफ्तार

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में होली के त्योहार पर 30 वर्षीय महिला को मामूली विवाद में दिनदहाड़े निर्वस्त्र करके पीटने और आम रास्ते पर घुमाने के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुनील मेहता ने बताया कि गौतमपुरा थाना क्षेत्र के बछोड़ा गांव में सोमवार को होली के त्योहार पर चार महिलाओं ने एक महिला को उसके घर से जबरन बाहर निकालकर पीटा और सरेआम निर्वस्त्र करके अपमानित किया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेहता ने बताया कि उन्होंने गांव का दौरा किया। उन्होंने बताया कि गांव में हालात शांतिपूर्ण हैं, लेकिन अपने साथ अपमानजनक कृत्य से क्षुब्ध होकर पीड़ित महिला मायके चली गई है।

# किसी को भी शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी : मोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने गत आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां 63 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की भरपाई करना काफी मुश्किल है। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज शमी टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं और आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट शृंखला के साथ वापसी करने की उम्मीद है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की घरेलू शृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे।

मोहित ने सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, किसी भी टीम को शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी और आप उनकी भरपाई किसी अन्य खिलाड़ी से नहीं कर सकते। लेकिन चोट पर किसी का नियंत्रण नहीं है और आपको यह देखना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, जहां तक गुजरात टाइटंस की बात है, स्पेंसर (जॉनसन) और अजमतुल्लाह (उमरजई) का यह पहला साल है। उन्होंने अब तक काफी क्रिकेट नहीं खेला है इसलिए हमें उनके साथ धैर्य रखना चाहिए और नतीजों पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देना चाहिए।

सुपरकिंग्स ने छह विकेट पर 206 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसमें सलामी बल्लेबाजों रुतुराज गायकवाड़ (46) और रचिन रविंद्र (46) तथा शिवम दुबे (51) की अहम भूमिका रही। टाइटंस के गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए जिसमें उमेश यादव ने दो ओवर में 27 रन दिए जबकि अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने चार ओवर में 49 रन खर्च किए। राशिद को हालांकि दो विकेट मिले।

मोहित ने कहा कि सुपरकिंग्स द्वारा पावरप्ले में काफी रन बनाने से भी बड़ी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, (सुपरकिंग्स की रणनीति में) ज्यादा अंतर नहीं है। जब मैं सुपरकिंग्स के लिए खेलता था तो भी ऐसा ही होता था और हम आमतौर पर पावरप्ले में अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करते थे।

पावरप्ले के बाद सुपरकिंग्स का स्कोर एक विकेट पर 69 रन था।

## सुविचार

**कोई खुशियों की चाह में रोया, कोई दुखों की पनाह में रोया, अजीब कहानी है ये ज़िंदगी का कोई भरोसे के लिए रोया, कोई भरोसा करके रोया।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'दोस्ती' में धमाकों की दहशत

जिस पाक-चीन 'दोस्ती' के लिए मिसाल दी जाती थी कि यह 'हिमालय से ऊंची' और 'शहद से ज्यादा मीठी' है, अब उसमें बम धमाकों की दहशत भी शामिल हो गई है। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा में विस्फोटकों से भरे एक वाहन द्वारा चीनी इंजीनियरों की बस को टक्कर मारकर उड़ाया जाना आतंकवाद की वैसी घटना नहीं है, जैसी (घटनाएं) आमतौर पर इस पड़ोसी देश में होती रहती हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले बढ़े हैं। कभी यहां चीनियों का बहुत आदर-सत्कार होता था। कई चीनी अपने अनुभव साझा करते हुए बता चुके हैं कि एक-डेढ़ दशक पहले तक जब वे पाकिस्तानी बसों में सफर करते थे तो उनसे किराया नहीं लिया जाता था। यही नहीं, उनकी भाषा न जानने के बावजूद कई मुसाफिर उनसे बातचीत करने की कोशिश करते थे। वे उनके साथ अपना खाना भी साझा करते थे। अब हालात इसके ठीक उलट हैं। चीनी अपने लिए अलग वाहन ले जाने को मजबूर हैं। वे सुरक्षाकर्मियों के बावजूद सुरक्षित नहीं हैं। पाकिस्तान में अलग-अलग विचारधाराओं से प्रभावित आतंकवादी संगठन मौजूद हैं। उन्हें किसी पर धावा बोलने के लिए बहाना चाहिए। उन्होंने चीन को लेकर भी बहाने ढूंढ़ लिए हैं। इससे भविष्य में चीनियों पर हमले बढ़ सकते हैं। ऐसी हर घटना पाकिस्तान में रहने वाले चीनियों को दहशत में डालेगी। इससे चीन-पाक संबंधों में दरारें तो आएंगी ही, इस्लामाबाद पर बीजिंग का दबाव भी बढ़ेगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख को कड़ी फटकार सुनने को मिलेगी। चूंकि चीन ने पाकिस्तान में काफी निवेश किया है। उसने बड़े पैमाने पर कर्ज भी दिया है।

अगर चीनियों पर हमलों का सिलसिला नहीं रुका तो बीजिंग की ओर से कुछ कड़े कदम उठाए जा सकते हैं। चीन अपने नागरिकों की मौत के बदले भारी मुआवजा मांग सकता है, जिसे चुकाने की पाक सरकार में न तो शक्ति बची है, न ही सामर्थ्य बाकी है। चीन यह भी प्रस्ताव रख सकता है कि वह कथित निवेश की रक्षा के लिए अपने सुरक्षा बलों को पाकिस्तान की जमीन पर उतारना चाहता है। अगर पाकिस्तान सरकार को यह प्रस्ताव मंजूर न हो तो वह चीन का निवेश और कर्ज लौटाए! खैबर-पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में हुई उक्त घटना ने ऐसे पिछले हमलों की यादें ताजा कर दी हैं। साल 2021 में शांगला, जो कोहिस्तान के करीब है, में एक आतंकवादी हमले में नौ चीनी मारे गए थे। अप्रैल 2022 में कराची विश्वविद्यालय के बाहर आत्मघाती हमले में तीन चीनियों की मौत हो गई थी। उसी साल सितंबर में कराची में एक चीनी डॉक्टर की उसके क्लिनिक में हत्या कर दी गई थी। आमतौर पर ऐसी घटनाओं के पीछे बलोच लिबरेशन आर्मी नामक संगठन का हाथ बताया जाता है, जो चीनियों के बढ़ते हस्तक्षेप का विरोध करता है। इसका आरोप है कि चीन स्थानीय लोगों की जमीनें हड़पने के लिए पाकिस्तान में अपना रसूख बढ़ा रहा है ... उसकी बलोचिस्तान पर कुदृष्टि है, जहां कई बेशकीमती खनिज बताए जाते हैं। खनिजों से मालामाल होने के बावजूद यह इलाका सबसे गरीब और अविकसित है। इससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। कालांतर में यहां हथियारबंद संगठन पैदा हो गए, जो पाकिस्तान के सुरक्षा बलों पर हमले करते रहते हैं। जब कभी चीनी उनके निशाने पर आते हैं तो वे उनकी भी हत्या कर देते हैं। सुरक्षा बल पाकिस्तान के हों या चीन के, भविष्य में यहां शांति कायम होना तब तक संभव नहीं, जब तक कि बलोच आबादी को उसके अधिकार न मिल जाएं। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर देने मात्र से हालात काबू में नहीं आ सकते। इस इंतजाम पर जो खर्च आएगा, वह दोनों देशों का घाटा ही बढ़ाएगा।

## ट्वीटर टॉक



रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी का निधन दुखद है। वे एक युगपुरुष थे जिन्होंने सेवा और आध्यात्म के पथ को समृद्ध किया। उनकी जीवन भर की तपस्या मानव कल्याण को समर्पित रही। उनका निधन सभी के लिए अपूरणीय क्षति है।

**-ओम बिरला**



जयपुर में नवनियुक्त राजस्थान चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री विनय सहस्रबुद्धे जी से आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। इस दौरान प्रदेश में जल्द होने जा रहे लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा हुई।

**-वसुंधरा राजे**



भारत के दिग्गज तीरंदाज लिंबा राम जी से मुलाकात हुई। लिंबा राम जी आज भी तीरंदाजी के क्षेत्र में प्रशिक्षण के जरिए भारत के लिए होनहार तीरंदाज तैयार कर रहे हैं। आपका खेलों के प्रति जोश और जज्बा हर भारतीय खिलाड़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# क्षमा से प्रतिशोध

बालक अष्टावक्र आचार्य बंदी से शास्त्रार्थ हेतु राजा जनक की नगरी पहुंचे। राजा जनक ने अष्टावक्र से कहा- आचार्य बंदी से शास्त्रार्थ करना अत्यंत कठिन है। आचार्य की शर्त है कि शास्त्रार्थ में हारने वाले को जल समाधि लेनी पड़ेगी। अष्टावक्र आचार्य से शास्त्रार्थ करने के निर्णय पर अडिग रहे। अष्टावक्र का आचार्य बंदी से शास्त्रार्थ शुरू हुआ। बहुत देर तक चले शास्त्रार्थ में अष्टावक्र के एक प्रश्न पर आचार्य बंदी निरुत्तर हो गए। दंभी आचार्य का अभिमान चकनाचूर हो गया। आचार्य बंदी ने अपनी पराजय स्वीकारते हुए कहा- मैं जल समाधि लेने के लिए तैयार हूं। अष्टावक्र ने कहा-मैं आपको जल समाधि देने नहीं आया हूं । याद करो उन आचार्य काहोड़ को जिनके हारने पर उन्हें तुम्हारी शर्त ने जल समाधि लेने पर मजबूर किया। मैं उन्हीं आचार्य काहोड़ का पुत्र हूं। आपके अहंकार के कारण न जाने कितने निर्दोष विद्वानों ने जीवन खोया। परास्त करने पर मैं आपको जल समाधि दे सकता हूं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। मेरी क्षमा ही मेरा प्रतिशोध है। शास्त्र को शस्त्र न बनाओ आचार्य। शास्त्र जीवन का विकास करते हैं, शस्त्र जीवन का विनाश। मैं आपको क्षमा करता हूं आचार्य ।

## सामयिक

# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

**रमेश सर्राफ धमोरा**
मोबाइल : 9414255034

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है।

चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। झुंझुनूं से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है



दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं।

भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहेड़िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवाड़ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है

अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनगढ़ सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर इसके बावजूद उनको प्रत्याशी बनाया गया है। भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है। राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं।

## विचार

# संकल्प, संयम और अनवरत श्रम सफलता के सूत्र

**संजीव ठाकुर**
मोबाइल : 9009 415 415

**सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है। अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा।**

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है। अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं। ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं। लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें। लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं। इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें। सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं। इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए। उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है । किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लबरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए। लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है। लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए।अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए। सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है। अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा।, इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा। सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिए। जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगा। कई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्मविश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी, ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी, मानसिक शिथिलता, सामाजिक, पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती है। इन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं। बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है। यही समय है जब आपको अपने आप को संतुलित कर आगे की ओर ले जाना है, और सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आप नकारात्मक यानी कि नेगेटिव वातावरण एवं इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्तियों से दूर रहकर मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा भरकर आत्मविश्वास से लबालब होना है।

इस तरह आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर पूरी ऊर्जा और सामर्थ्य के साथ प्राप्त करने के लिए अग्रसर होंगे, लक्ष्य प्राप्ति के साधनों तथा उससे जुड़े हुए समर्थ व्यक्तियों की तलाश में भी आपको सतत रहना होगा यदि आप प्रतियोगिता परीक्षा और उसकी सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो ऐसे व्यक्तियों को सदैव बुद्धिमान एवं मेहनती अध्येता के साथ विचार विमर्श करना चाहिए एवं लाइब्रेरी या पुस्तक विक्रेताओं से सर्वश्रेष्ठ ज्ञानार्जन के लिए किताबों का संग्रह किया जाना चाहिए या किसी का अन्य लक्ष्य हो तो सदैव उसे समय की उपयोगिता तथा उसकी सार्थकता पर जरूर ध्यान केंद्रित कर सफल व्यक्तियों का अनुसरण किया जाना चाहिए तभी सफलता उनके कदम चूमेगी और सफलता का एक ही सूत्र एवं रहस्य है कि अपने मस्तिष्क की प्रबलता बनाए रखें जाने के साथ कड़ी मेहनत भी करें, तब जाकर सफलता व्यक्ति के कदम चूमती है।

## नजरिया

# युवा नेतृत्व में है बदलाव की असीम शक्ति

**बाल मुकुन्द ओझा**
मोबाइल : 9414441218

युवा भारत देश की रीढ़ है, देश के युवाओं में परिवर्तनकारी शक्ति है। किसी भी देश की तरक्की में युवाओं का योगदान होता है। देश के भविष्य के रूप को बदलने के लिए युवा पीढ़ी को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर सकारात्मक प्रयास करने होंगे। युवा वर्ग ही देश में सामाजिक समरसता व सद्भावना का माहौल कायम रख सकता है। युवाओं में ऊर्जा सबसे अधिक होती है, केवल उस ऊर्जा को सही जगह लगाने की आवश्यकता है। युवा वर्ग अपने अधिकारों व लक्ष्य से परिचित होता है तो वह देश की दशा बदल सकता है। युवा देश का वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का अमूल्य योगदान है। युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं।

युवा नेतृत्व को लेकर आज देशभर में व्यापक बहस छिड़ी है। युवा किसी भी देश और समाज में बदलाव के मुख्य वाहक होते हैं। युवा आबादी ही देश की तरक्की को रफ्तार प्रदान कर सकती है। भारत विश्व में सब से अधिक युवा आबादी वाला देश है। हमारे यहां 135 करोड़ की जनसंख्या में 65 प्रतिशत युवा हैं। लेकिन देश के सियासी नेतृत्व की बागडोर 60 साल से ऊपर के नेताओं के हाथों में है। युवाओं की क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने से ही समाज में बदलाव आएगा। युवा भी खुद की ताकत को पहचाने और उसी के अनुरूप अपना रास्ता चुनें। युवा अपनी काबिलियत और नई सोच के बूते पर रोजगार सृजनकर्ता बन सकते हैं। युवा नई बुनियाद रखकर सामाजिक बदलाव के प्रणेता बन सकते हैं। विश्व के कई अन्य देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या की औसत आयु 29 वर्ष है। भारत दुनिया के युवा जनसांख्यिकीय के पांचवें हिस्से का घर है।

स्वामी विवेकानंद सही अर्थों में युवाओं के प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व थे। विवेकानंद कहा करते थे कि उनकी आशाएं देश के युवा वर्ग पर ही टिकी हुई हैं। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से राजनीति में निस्वार्थ और रचनात्मक रूप से योगदान देने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति सार्थक परिवर्तन लाने का एक बड़ा माध्यम है और हर दूसरे क्षेत्र की तरह, राजनीति में भी युवाओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने युवाओं को आश्वासन दिया कि आज, ईमानदार लोगों को सेवा करने का अवसर मिल रहा है, बेईमान गतिविधियों से सम्बंधित राजनीति की पुरानी धारणा बदल रही है। आज ईमानदारी और प्रदर्शन समय की जरूरत बन गए हैं।

देश में बेरोजगारी दर तेजी से बढ़ी है। इस साल उच्च मुद्रास्फीति पर काबू पाना और लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित करना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। आज सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को रोजगार देने व आत्मनिर्भर बनाने की है। आज का युवा अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है। शिक्षा, रोज़गार और बेहतर भविष्य के लिए आज का युवा जागरूक है और लड़ रहा है। युवा वर्ग महंगी फीस, कोचिंग और फॉर्म पर फॉर्म भरता है। भर्तियों के दौरान पेपर लीक होना आम बात हो गई है। माँ-बाप अपनी ज़मीन जायदाद गिरवी रखकर अपने बच्चों को पढ़ाते हैं लेकिन अंत में उन्हें मिलती है बेरोज़गारी। ऐसे में युवा अवसाद की तरफ जाता है, जो एक बहुत बड़ी चुनौती है। युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है। आज सम्पूर्ण देश भ्रष्टाचार से आहत है। युवा ही देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति की राह दिखा सकता है। ऐसे में देश में युवा नेतृत्व की मांग बढ़ी है। युवा नेतृत्व को लेकर आज देशभर में व्यापक बहस छिड़ी है। युवा आबादी ही देश की तरक्की को रफ्तार प्रदान कर सकती है।

आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्वच्छ, स्वस्थ और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण की है। युवा नेतृत्व से राजनीति की दशा और दिशा बदल सकती है। विषम परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता युवा वर्ग की पहचान कराती है। युवा किसी भी देश और समाज में बदलाव के मुख्य वाहक होते हैं। युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है। आज सम्पूर्ण देश भ्रष्टाचार से आहत है। युवा ही देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति की राह दिखा सकता है। ऐसे में देश में युवा नेतृत्व की मांग बढ़ी है।

**महत्त्वपूर्ण**

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'कार्बन-मुक्त' की राह पर आगे बढ़ लाखों नौकरियों का सृजन कर सकता है भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि कार्बन-मुक्त राह पर आगे बढ़ने से भारत में लाखों नौकरियों का सृजन होगा। 'यूएस-इंडिया क्लाइमेट टेक्नोलॉजीज एक्शन ग्रुप--फोरम ऑन डीकार्बोनाइजिंग पाथवेज' को संबोधित करते हुए गार्सेटी ने कहा, भारत इस क्षेत्र और दुनिया के लिए ऐसा (कार्बन मुक्त या हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना) भी कर सकता है...जिसे एक अगुवा के रूप में देखा जा सकता है...जो भारत पहले ही है। उन्होंने कहा कि कार्बन मुक्त (डीकार्बोनाइजिंग) राह अपनाकर भारत अगले 20 साल में लाखों नौकरियों का सृजन कर सकता है। अमेरिकी राजदूत ने कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं, जितनी जल्दी हम यह (डीकार्बोनाइजिंग) करेंगे, नौकरियों के उतने ही अधिक अवसर उत्पन्न होंगे। भारत इसे सबसे पहले अपने लिए करेगा।

भारत के 2070 तक शुद्ध शून्य कॉर्बन उत्सर्जन लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उनका यह बयान महत्वपूर्ण हैं। भारत के पास वर्तमान में करीब 184 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है जिसमें करीब 47 गीगावाट बड़े पनबिजली संयंत्र, 75 गीगावाट सौर और 45 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। देश में करीब 434 गीगावाट की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत से अधिक है।

भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। राजदूत ने इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका-भारत की दोस्ती आज दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ मिलकर दुनिया में हरित हाइड्रोजन का स्तंभ बन सकता है।



# सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन को मिले 4.2 मिलियन व्यूज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन को 4.2 मिलियन व्यूज मिल गये हैं। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है।

यह फिल्म युवा भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान एक भूमिगत रेडियो स्टेशन का संचालन किया था। इस फिल्म की तारीफ महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने भी की है। वर्तमान में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मौजूदा ओटीटी शो या फिल्म की बात करें तो ऐ वतन मेरे वतन दूसरे नंबर पर है। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर इस फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, कन्नन अय्यर के निर्देशन में बनी ए वतन मेरे वतन में सारा अली खान के अलावा इमरान हाशमी ,सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ'नील और आनंद तिवारी भी हैं। 'ऐ वतन मेरे वतन' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने बनाया है।



# गेम चेंजर का पहला गाना 'जारागंडी' रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म गेम चेंजर का पहला गाना जारागंडी रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'गेम चेंजर' में रामचरण के साथ कियारा आडवानी की मुख्य भूमिका है। 27 मार्च को राम चरण के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म गेम चेंजर का पहला गाना 'जारागंडी' का लिरिकल वर्जन रिलीज कर दिया गया है।

इस गाने का म्यूजिक एस थमन ने कम्पोज किया है, वहीं 'जारागंडी' गाने को दलेर मेहंदी और सुनिधि चौहान ने आवाज दी है। 'जारागंडी' गाना हिंदी, तेलुगु और तमिल,तीन भाषाओं में रिलीज किया गया है। इस गाने में कियारा आडवानी और राम चरण एक साथ थिरकते नजर आ रहे हैं।इस गाने को प्रभु देवा ने कोरियोग्राफ किया है। कियारा आडवानी ने राम चरण को जन्मदिन की बधाई देते हुये इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'गेम चेंजर' की एक फोटो शेयर करते हुए में कैप्शन लिखा, हैप्पी बर्थडे मेरे डियरेस्ट आर सी (राम चरण) ये रहा हमारा मेगा मास ब्लास्टसेलिब्रेशन शुरू करते है। इसके साथ ही कियारा आडवानी ने अपने इसी पोस्ट में 'गेम चेंजर' गाना 'जारागंडी' के रिलीज होने की जानकारी भी दी।

नामांकन



अगरतला में पश्चिम त्रिपुरा से भाजपा उम्मीदवार और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और अन्य लोगों के साथ अपना नामांकन दाखिल करने जाते हुए।

# पाकिस्तान के छह न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों पर न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने पाकिस्तान की प्रभावशाली खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायपालिका के कामकाज में कथित हस्तक्षेप के खिलाफ उच्चतम न्यायिक परिषद से संज्ञान लेने की अपील की है। इन छह न्यायाधीशों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में उच्चतम न्यायिक परिषद से न्यायिक मामलों में इस तरह के हस्तक्षेप के खिलाफ एक न्यायिक व्यवस्था की मांग की गई है। जिन छह न्यायाधीशों ने 25 मार्च के पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार एजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन रफत इम्तियाज शामिल हैं। पत्र में व्यवस्था के माध्यम से न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कड़ा रुख अपनाने की बात कही गई है। उच्चतम न्यायिक परिषद उच्च और उच्चतम न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत शीर्ष निकाय है।

पत्र में कार्यपालिका और एजेंसियों के हस्तक्षेप को लेकर न्यायाधीशों पर दबाव बनाने के उदाहरणों का भी जिक्र किया गया। पत्र में कहा गया कि एक मामले में उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश पर दबाव बनाने के लिए उनके रिश्तेदार का अपहरण किया गया और यातनाएं दी गईं।इसमें कहा, हम इस बात पर भी ध्यान दिलाना चाहेंगे कि उच्चतम न्यायिक परिषद द्वारा न्यायाधीशों के लिए निर्धारित आचार संहिता में इसको लेकर कोई मार्गदर्शन नहीं दिया गया है कि न्यायिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप जैसे मामलों में किस तरह के कदम उठाए जाएं। फैसले में कहा गया था कि उच्चतम न्यायिक परिषद ने न्यायमूर्ति सिद्दीकी के खिलाफ इस धारणा पर कार्रवाई की कि पूर्व न्यायाधीश द्वारा लगाए गए आरोपों की सचाई या झूठ अप्रासंगिक थी। सिद्दीकी को 11 अक्टूबर 2018 को उच्चतम न्यायिक परिषद ने उस भाषण के आधार पर बर्खास्त किया था, जिसमें उन्होंने देश की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अदालती कार्यवाही को प्रभावित करने का आरोप लगाया था।



# 'कल्कि 2898 एडी' की कहानी से सभी कलाकारों को प्रेरित किया : स्वप्ना दत्त चलसानी

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता स्वप्ना दत्त चलसानी का कहना है कि फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कहानी ने सभी कलाकारों को काम करने के लिये प्रेरित किया।

नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। 'कल्कि 2898 एडी की निर्माता स्वप्ना दत्त चलसानी ने कहा,मुझे लगता है कि यह वह कहानी है जिसने सभी कलाकारों को प्रेरित किया है। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी इस बात से चिंतित था कि दूसरा व्यक्ति क्या कर रहा है। उन्होंने एक तरह से इस बात की बड़ी तस्वीर देखी कि हम सब फिल्म के लिए एक साथ क्या कर रहे थे। वैजयंती मूवीज निर्मित 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है।यह फिल्म 09 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सनी देओल के बहाने सिंह ने कंगना पर साधा निशाना

शिमला/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता और पंजाब के गुरदासपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद सनी देओल के बहाने हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर मंडी से भाजपा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत पर निशाना साधा। सिंह ने बुधवार को फेसबुक पर सनी देओल की ओर से अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने को लेकर जारी पत्र अपलोड किया। पोस्ट को सिंह ने शीर्षक देते हुए लिखा कि 'ऐसे हालात मंडी में न हों यही प्रभु श्रीराम से कामना करता हूं।'

सिंह की ओर से अपलोड किए पत्र में सन्नी देओल ने बैठकों में शामिल होने और अन्य आवश्यक कार्यों को पूरा करने के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। कंगना को भाजपा ने मंडी से अपना प्रत्याशी तय किया है। कांग्रेस की ओर से सिंह की माता और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह के चुनाव लड़ने की संभावना है। मंडी सीट के लिए कांग्रेस ने सिंह को प्रभारी नियुक्त किया है। अप्रैल के पहले हफ्ते से सिंह चुनाव प्रचार में उतरेंगे। इससे पहले सोशल मीडिया के माध्यम से चुनावी माहौल बनाने में जुटे हैं।

# लोकसभा चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' की बात करने वालों के बीच : योगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मथुरा/मेरठ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव को 'फैमिली फर्स्ट' की बात करने वाले विपक्ष और 'नेशन फर्स्ट' की बात करने वाले सत्तापक्ष के बीच का मुकाबला करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि विपक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधर है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में 'कतई बर्दाश्त नहीं' के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री ने मथुरा में आयोजित 'प्रबुद्ध सम्मेलन' को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला किया और कहा, एक पक्ष (विपक्ष) के लिए परिवार पहले है तो मोदी जी के नेतृत्व में जो पक्ष है उसके लिए राष्ट्र पहले है। परिवार पहले मानने वाला पक्ष अपने कृत्य से माफिया राज को प्रश्रय देता है जबकि मोदी जी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करने का काम करता है।

उन्होंने कहा, माफिया राज को प्रश्रय देने वाला एक पक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधर है और मोदी जी का पक्ष कतई बर्दाश्त नहीं का है। एक पक्ष तुष्टीकरण के नाम पर व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व वाला पक्ष सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर एक तबके को देने का पक्षधर है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है। बाद में मेरठ में आयोजित 'प्रबुद्ध सम्मेलन' को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि तीन दशक पहले जिस तरह अरुण गोविल ने छोटे पर्दे पर रामायण में मजबूती के साथ श्रीराम के किरदार को जीवंत किया था, आज वो मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि ये हमेशा इतिहास रचता है। योगी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है लेकिन, विपक्ष ने हमेशा जातिवाद को प्राथमिकता दी।

# सभी वर्गों में दिख रहा है मोदी की 'हैट्रिक' का संकल्प : नकवी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत की 'हैट्रिक' का संकल्प लोगों के बीच देखा जा रहा है। नकवी के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्तिक के अनुसार, उत्तर प्रदेश के रामपुर में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के नामांकन के अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास और विश्वास के समावेशी-सर्वस्पर्शी माहौल को मजबूत और महफूज करने का मौका है तथा इसमें समाज के सभी तबकों का वोट और सहयोग लेना है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने मोदी सियासी तुष्टीकरण के छल को समावेशी सशक्तीकरण के बल से परास्त कर किया है। भाजपा नेता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, एक तरफ 'मोदी हटाओ की सनक' और दूसरी तरफ मोदी की जीत की हैट्रिक का संकल्प समाज के सभी वर्गों में साफ दिखाई दे रहा है।



# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के पहले एपिसोड में नजर आएंगे रणबीर कपूर

मुंबई/एजेन्सी

कपिल शर्मा अपनी टीम के साथ नेटफ्लिक्स पर लोगों का एंटरटेनमेंट करने के लिए आ गए हैं। इस शो के पहले एपिसोड का प्रोमो सामने आया है। जिसमें साफ हो गया है कि पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट नजर आएंगे। इस दौरान इनकी लाइफ से जुड़े कई खुलासे भी होने वाले हैं। सामने आए प्रोमो में ही रणबीर कपूर के कई सीक्रेट खुल गए हैं, जो किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने खुद खोले हैं।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के पहले एपिसोड में आप रणबीर कपूर के कई खुलासे देखने वाले हैं। एक्टर ने इस शो के प्रोमो में रिवील किया कि वो अपनी मां की ज्वेलरी अपनी गर्लफ्रेंड्स को दे दिया करते थे। अब आखिर ये बात शुरू कैसे हुई, इसके बारे में आपको बताते हैं। दरअसल कपिल शर्मा कहते हैं कि रणबीर ने रिद्धिमा के कपड़े अपनी गर्लफ्रेंड्स को गिफ्ट किए हैं। इस पर रिएक्ट करते हुए रणबीर झट से कहते हैं, 'मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी के गहने भी दे डाले'। रणबीर का जवाब सुनते ही नीतू थोड़ा शॉक होती हैं और फिर हंसने लगती हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में एक बार फिर कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की जोड़ी साथ मिलकर लोगों का एंटरटेनमेंट करेगी। लंबे वक्त के बाद दोनों इस शो में साथ आए हैं। साथ ही कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक भी लोगों का एंटरटेनमेंट करेंगे।

# रवीना टंडन ने कहा, मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं

मुंबई/एजेन्सी

शो 'पटना शुक्ला' में नजर आने वाली एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा कि वह अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे इससे अपने अपकमिंग शो में अपने ऑन-स्क्रीन बेटे के साथ रिश्ता बनाने में मदद मिली। तन्वी शुक्ला का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन ने कहा, फिल्म में एक सीन है जहां तन्वी का बेटा अपना लंचबॉक्स भूल जाता है, वह उसे पहुंचाने के लिए स्कूल बस का पीछा करती है।



मुझे लगता है कि यह एक ऐसा दृश्य है जिससे हर मां जुड़ाव महसूस करेगी। उन्होंने कहा, हर घर में सुबह व्यस्तता रहती है, लेकिन एक मां उस अव्यवस्था को तोड़कर अपने बच्चों के लिए आगे आती है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने व्यक्तिगत रूप से तब किया है जब मेरे बच्चे स्कूल जाते थे। इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी रिशा और बेटे रणबीर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं, और शो में मेरा किरदार तन्वी भी ऐसी ही है। 'पटना शुक्ला' के साथ उस केमिस्ट्री को पर्दे पर लाने से मेरी अपने बच्चों से जुड़ी कुछ यादें ताजा हो गईं। मुझे यकीन है कि दर्शक तन्वी और उनके बेटे की दोस्ती को महसूस करेंगे। 'पटना शुक्ला' शो एक निडर वकील पर आधारित है जो एक छात्रा को शिक्षा घोटाले में फंसता देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक व्यक्ति के खिलाफ खड़ी है जो सीएम का उम्मीदवार है। 'पटना शुक्ला' 29 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी।

# तमिल कल्ट क्लासिक 'सत्या' के रीमेक पर दो ग्रुपों में बंटा सोशल मीडिया


मुंबई/एजेन्सी

इस साल जनवरी में, उलगनायगन कमल हासन की कल्ट क्लासिक फिल्मों में शुमार हो चुकी सत्या ने 36 साल पूरे कर लिए और सोशल मीडिया पर काफी जश्न मनाया गया। सत्या जाने-माने निर्देशक सुरेश कृष्ण के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी और इसमें कमल और अमला अक्किनेनी ने अभिनय किया था। यह 1988 में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई और उस साल तमिल सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। बुधवार 27 मार्च को इस फिल्म को लेकर सिने गलियारों में चर्चा फैली की इसका रीमेक बनाया जा रहा है, जिसमें अशोक सेलवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और इस फिल्म का निर्देशन विघ्नेश राजा कर रहे हैं। इस खबर के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया इस पर बंटा हुआ है। 1988 में प्रदर्शित हुई सत्या में कमल हासन ने सत्या (सत्यमूर्ति) नाम के एक बेरोजगार और कठोर युवा की भूमिका निभाई, जो किसी भी प्रकार के अन्याय को बर्दाश्त नहीं कर सकता और लगातार झगड़ों में शामिल हो जाता है। वह एक दिन सेल्सगर्ल गीता (अमला अक्किनेनी) को भी देखता है और उससे प्यार करने लगता है। इस बीच, एक भ्रष्ट राजनेता अपनी जरूरतों के लिए सत्या के साथ छेड़छाड़ करता है और फिर जब



सत्या सच्चाई देखता है तो कहानी बदल जाती है। दिलचस्प बात यह है कि सत्या खुद सनी देओल की हिंदी फिल्म, अर्जुन की रीमेक थी, लेकिन सुरेश कृष्णा, कमल हासन और इलैयाराजा ने फिल्म पर अपनी अमिट छाप लगाकर इसे तमिल फिल्मों की कल्ट क्लासिक का दर्जा दिलाने में सफलता प्राप्त की। फिल्म के प्रशंसकों को लगता है कि इलैयाराजा की क्लासिक रचनाओं को कभी भी दोबारा नहीं बनाया जा सकता है। एक यूजर ने कहा, अशोक सेलवन के खिलाफ कुछ भी नहीं! लेकिन सत्या का रीमेक कोई नहीं बना सकता। सुरेश कृष्ण द्वारा भी नहीं! इलैयाराजा फिर कभी ऐसे गाने नहीं लिख सकते! कभी-कभी क्लासिक्स को अछूता छोड़ देना चाहिए! यह देखते हुए कि सत्या अंततः एक कल्ट क्लासिक बन गयी है, कई लोगों का मानना है कि इस तरह के क्लासिक्स को अछूता रहना चाहिए। एक उपयोगकर्ता ने इसे यह कहते हुए संक्षेप में बताया, कुछ चीजें हैं जिन्हें दोबारा बनाने या अनुकूलित करने की आवश्यकता नहीं है।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.



# जयशंकर ने मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात की, मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के उनके दृष्टिकोण को सराहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कुआलालंपुर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के लिए उनके दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत-मलेशिया के रिश्तों के और अधिक 'महत्वाकांक्षी एजेंडा' को तैयार करने में मदद मिलेगी। जयशंकर सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया के अपने तीन राष्ट्रों के दौरे के अंतिम और तृतीय चरण में कुआलालंपुर में हैं। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के लिए मलेशिया के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, पारंपरिक और नव युगीन, दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर उनके मार्गदर्शन और ज्ञान से लाभान्वित हुआ।

इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की। मलेशिया के विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि जयशंकर ने यहां मलेशिया के विदेश मंत्री हसन से मुलाकात की और उनके बीच 'उपयोगी तथा स्पष्ट' चर्चा हुई, जिसमें मलेशिया-भारत द्विपक्षीय मामलों के बहुमुखी आयामों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान शामिल था। जयशंकर ने 'एक्स' पर इस संबंध में लिखा, राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, डिजिटल, स्टार्ट-अप, वाणिज्यिक दूतावास संबंधी, जनता के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। क्षेत्र, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूक्रेन पर विचार साझा किए।

जयशंकर ने कहा कि दोनों देश संवर्धित रणनीतिक साझेदारी का एक दशक पूरा करने के करीब हैं और ऐसे में वह संबंधों को और मजबूत करने को लेकर आशान्वित हैं। दोनों मंत्रियों ने उच्च स्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य तिथि पर मलेशिया और भारत की 7वें संयुक्त आयोग की बैठक बुलाने पर भी चर्चा की। बयान के अनुसार, हसन ने दिसंबर 2023 में पदभार संभाला था और तब से जयशंकर और उनकी यह पहली मुलाकात है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर देश के डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी मुलाकात कर सकते हैं। बयान के अनुसार जयशंकर की यात्रा का उद्देश्य भारत और मलेशिया के बीच सहयोग बढ़ाना तथा साझा चुनौतियों एवं अवसरों की समझ का विस्तार करना है।

# डॉ सुब्रता भौमिक बने नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन(ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय, यलहंका में डॉ. सुब्रता भौमिक ने नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त का पदभार ग्रहण किया।

डॉ. सुब्रता भौमिक ने एलएलएम और लोक प्रशासन में पीएचडी का अध्ययन किया है। उनके द्वारा भारत में संविदा कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा 'मिथक और वास्तविकता' विषय पर एक पुस्तक का भी लेखन किया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## आमंत्रण

बेंगलूरु के कांटा प्रांत विजयनगर मंडल द्वारा रविवार को हंपीनगर आरपीसी लेआउट स्थित चंद्रशेखर आजाद खेल मैदान में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसके उदघाटन कर्ता के रूप में मंडल के सदस्यों ने महेंद्र मुणोत को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया। मंडल के सदस्यों ने मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। मुणोत ने सभी को धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सम्मान

बेंगलूरु प्रवास पर आए सोलापुर (महाराष्ट्र) के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुभाष देशमुख का स्वामित्वा ग्रुप के चेयरमैन बाबूभाई मेहता ने उनसे मुलाकात कर उनका सम्मान किया। देशमुख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी के बारे में बताते हुए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी के समर्थन की अपील की। इस मौके पर बाबूभाई के साथ बिपिनराम अग्रवाल, इन्दर नाहर, महावीर मेहता, प्रशांत सिंघी, अशोक मेहता, बासू सारड़ा आदि उपस्थित थे।

# नोएडा का सीए 168 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी के जरिये धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार

बेंगलूरु। बेंगलूरु पुलिस ने 168 करोड़ रुपये की फर्जी ई-बैंक गारंटी के जरिए 11 निजी कंपनियों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नोएडा निवासी आशीष रॉय उर्फ आशीष सक्सेना (45) को कुवैत से लौटने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। आशीष के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस ने फरवरी में लुकआउट नोटिस भी जारी किया था।

पुलिस के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया जब इन कंपनियों द्वारा जमा की गई ई-बैंक गारंटी फर्जी पाए जाने के बाद नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड' के एक अधिकारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने पेशेवर संबंधों का इस्तेमाल कर ई-बैंक गारंटी प्रमाणपत्र मुहैया करने के बहाने इन निजी कंपनियों के चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा वित्तीय सलाहकारों से संपर्क किया और कमीशन के रूप में पांच करोड़ रुपये प्राप्त किए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह अपने सहयोगी की मदद से कथित तौर पर कुवैत से काम कर रहा था। उसके सहयोगी का अभी तक पता नहीं चल पाया है।



भोजपुरी समाज सेवा समिति द्वारा उदासीन मठ गौशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली के कार्यक्रम को महन्त श्री बालयोगी गणेश दासजी निर्वाण उदासीन, पूर्व पार्षद शशि रेखा, समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजय सिंह उज्जैन, कार्यक्रम के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह, महामंत्री राकेश पटेल ने दीप प्रज्वलित किया। मंगलाचारण पंडित चंदन महाराज तथा पंडित प्रवीण शास्त्री जी ने किया।

# रंगों व होली गीतों से सराबोर रहा भोजपुरी समाज सेवा समिति का होली कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भोजपुरी समाज सेवा समिति द्वारा उदासीन मठ गौशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली के कार्यक्रम को महन्त श्री बालयोगी गणेश दासजी निर्वाण उदासीन, पूर्व पार्षद शशि रेखा, समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजय सिंह उज्जैन, कार्यक्रम के अध्यक्ष रामाशंकर सिंह, महामंत्री राकेश पटेल ने दीप प्रज्वलित किया। मंगलाचारण पंडित चंदन महाराज तथा पंडित प्रवीण शास्त्री जी ने किया। समिति के सचिव गिरीशचन्द्र पाण्डेय ने अध्यक्षता की तथा डीके साव एवं मृत्युंजय कुमार ने मंच की व्यवस्था संभाली। सह अध्यक्ष संजीत आनंद, कार्यक्रम प्रबंधक यूपी शर्मा, अमरेन्द्र ओझा, संजय शर्मा, राजेशसिंह सिकरवार एवं पप्पू सिंह ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

सुश्री श्रेया सिंह एवं अजय सिंह की टीम ने भोजपुरी, मैथिली, हिन्दी एवं कन्नड़ भाषा में होली गीतों की प्रस्तुति दी तथा माहौल को होलीमय बना दिया। इस अवसर पर विश्वेश्वरैया टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सिंडिकेट सदस्य सन्नी राज, डाक्टर जयदेव, समिति कोषाध्यक्ष जेबी सिह, संयोजक जेपी सिंह, ट्रस्ट बोर्ड के सदस्या चन्दा सिंह, सुनीता पांडेय, रामपति देवी एवं प्रेमशीलासिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष संजयसिंह उज्जैन ने सबको होली पर्व की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह का सफल आयोजन के लिए उन्होंने भोजपुरी समाज सेवा समिति के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकताओं को बधाई दी तथा घोषणा की कि छठ पूजा के अवसर पर इन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा।



# सफलता के लिए व्यक्ति को सोच का दायरा बढाना चाहिए : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुरापुर। यहां के जैन संघ के तत्वावधान में सुरापुर के पास गोलपल्ली गाँव के एक स्कूल में पडाव के दौरान आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि सफलता के लिए व्यक्ति को सोच का दायरा बढाना चाहिए।

अपनी भीतरी शक्ति को हमें पहचानना चाहिए। खुद को समय देते हुए सहनशील और समत्वशील बनाना चाहिए। व्यक्ति की सफलता उसके स्वजन परिजनों के सहयोग से ही प्राप्त हो सकती है। आचार्यश्री ने कहा कि जीवन की हर परिस्थिति का हमें डटकर सामना करना चाहिए।जीवन में हर अच्छी चीज को पाने के लिए कठिन दौर से गुजरना पड़ा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा वर्ग विहार सेवा में शामिल हुए।

# 'चोटिल' लड्डू गोपाल की मूर्ति को लेकर अस्पताल पहुंचा श्रद्धालु ; डॉक्टरों ने किया 'उपचार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में पेश आए एक अजीबोगरीब वाकये के तहत एक भक्त लड्डू गोपाल की मूर्ति को 'चोट' लगने पर उसे एंबुलेंस से लेकर अस्पताल पहुंचा। फूट-फूट कर रो रहे उस शख्स की श्रद्धा को देखकर डॉक्टरों ने लड्डू गोपाल का 'चिकित्सीय परीक्षण' और 'उपचार' किया। जिले के खुटार थाना क्षेत्र स्थित सुजानपुर गांव का रहने वाला रिंकू मंगलवार की शाम सरकारी एंबुलेंस से लड्डू गोपाल की एक छोटी मूर्ति को लेकर स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचा और डॉक्टर को बताया कि लड्डू गोपाल को नहलाते समय वह उसके हाथ से छूट गए जिससे उन्हें चोट लग गई। उसने अपील की कि डॉक्टर उनका फौरन इलाज करें।

खुटार के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर अंकित वर्मा ने बुधवार को 'पीटीआई भाषा' को बताया कि रिंकू मंगलवार शाम को 108 सेवा की एंबुलेंस से लड्डू गोपाल को लेकर खुटार के सरकारी अस्पताल पहुंचा था। इस दौरान फूट-फूट कर रो रहे रिंकू ने बताया कि वह शाम को लड्डू गोपाल को स्नान करा रहा था तभी वह उसके हाथ से छूटकर गिर गए जिससे उन्हें चोट लग गयी। उन्होंने बताया कि रिंकू के भक्ति भाव को देखते हुए उसकी संतुष्टि के लिए चिकित्सकों ने लड्डू गोपाल की मूर्ति का 'चेकअप' किया और दवा लगाई। मगर रिंकू लड्डू गोपाल को अस्पताल में भर्ती करने की जिद करता रहा। हालांकि बाद में डॉक्टरों ने उसे समझाया कि लड्डू गोपाल अब बिल्कुल ठीक हैं। करीब दो घंटे बाद लड्डू गोपाल को अस्पताल से 'छुट्टी' दे दी गई। अस्पताल के मंजर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें रिंकू रोते हुए लड्डू गोपाल की मूर्ति को चूम रहा है और सीने से लगा रहा है। क्षेत्र में इस घटना की खासी चर्चा है।




# खरतरगच्छ युवा परिषद के सदस्यों ने खरतरगच्छाधिपति के किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। खरतरगच्छ युवा परिषद के 30 सदस्यों ने सिंधनूर में विराजित खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.के 64वें अवतरण दिवस उनके दर्शन किए।

इस मौके पर केयुप बेंगलूरु शाखा द्वारा सागर चंद्रमा हॉस्पिटल के सहयोग से सिंधनूर में श्री मणिप्रभ स्वास्थ्य योजना के तहत महिला रोग एवं फर्टलिटी परामर्श का 9वां शिविर का आयोजन किया गया। योजना के संयोजक गौतम कोठारी ने बताया कि इस शिविर में 50 लोग लाभान्वित हुए। अध्यक्ष पंकज बाफना ने सभी का स्वागत किया। यह जानकारी यात्रा संयोजक तोफराज गुलेच्छा व तेजस छाजेड़ ने दी ।

# मेरे काम और मोदी जी के नाम पर भाजपा को वोट देगा मतदाता : हेमा मालिनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वृंदावन। एक दशक राष्ट्रीय राजनीति में बिताने के बावजूद 'ड्रीमगर्ल' हेमा मालिनी खुद को मंझी हुई राजनेता नहीं मानतीं लेकिन उनका कहना है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदाता उनके काम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर भाजपा को वोट देंगे। मथुरा लोकसभा सीट से दो बार की सांसद हेमा मालिनी ने 'भाषा' को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा , मैं मंझी हुई राजनेता नहीं हूं लेकिन सांसद होने के नाते यहां के लिये बहुत कुछ कर सकती हूं। मैं कृष्णभक्त हूं और चुनाव नहीं लड़ती अगर सीट मथुरा नहीं होती। मैं राजनीति में आना नहीं चाहती थी लेकिन कृष्ण ने मुझे सेवा का मौका दिया है। यह पूछने पर कि मथुरा के मतदाता 26 अप्रैल को चुनाव में हेमा मालिनी को वोट देंगे या नरेन्द्र मोदी के लिये वोट पड़ेंगे, उन्होंने कहा कि यह दोनों का संयोजन होगा। उन्होंने कहा, मोदी जी ने पूरे देश के लिये इतना कुछ किया है जिससे हमें वोट मिलेंगे लेकिन अगर आप पूछ रहे हैं कि मैंने क्या किया है तो मेरा काम खुद बोलता है। प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र जाट सिख हैं और उनकी पत्नी और जाट बहू होने के अलावा रालोद नेता जयंत चौधरी के राजग के साथ आने से जाट बहुल सीट पर हेमा को एक बार फिर फायदा मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा 2022 के विधानसभा चुनाव में मथुरा लोकसभा की पांचों विधानसभा सीटों छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव पर भाजपा को मिली जीत भी उनके भीतर अपनी अपनी जीत के प्रति मजबूत भरोसा पैदा करती है। एक सवाल के जवाब में हेमा ने कहा , लगता है कि चुनाव एकतरफा रहने वाला है लेकिन हमें अधिकतम वोट लेने के लिये मेहनत करनी है। मैं जाट बहू हूं और जाटों से मुझे बहुत प्यार मिला है। इसके अलावा मैं ब्राह्मण भी हूं। एक सवाल के जवाब में उनका कहना था कि सपनों का वृंदावन बनाने का काम अधूरा होने की वजह से वह तीसरी बार मथुरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।



उन्होंने कहा , मुझे हमेशा से दुख था कि कृष्ण की जन्मभूमि को सुंदर क्यों नहीं रखा गया है। जब मैं सांसद बनी तो मैंने चीजों को बदलने की कोशिश की लेकिन इतना पर्याप्त नहीं था। महत्वपूर्ण चीज है लोगों की मानसिकता बदलनी चाहिए। जब मैं साफ सफाई पर जोर देती हूं तो लोग मेरी आलोचना करते हैं और बहुत से कहते हैं कि उन्हें स्थानीय सांसद चाहिए क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्हें वैसे ही जीते रहना चाहिए जैसा वे पिछले कई दशकों से जीते आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने पार्टी से कहा कि मेरा काम अभी यहां अधूरा है और मुझे तीसरी बार टिकट दिया गया। मेरे सपनों का वृंदावन बनाने की दिशा में काफी काम बाकी है और उसमें से आधा भी हो गया तो मुझे संतोष रहेगा।

भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची में हेमा को मथुरा से प्रत्याशी बनाया था और 75 वर्ष की होने के बावजूद उन्हें टिकट दिया जाना भी पार्टी के अघोषित नियमों में एक अपवाद है। यह पूछने पर कि दो बार सांसद रहने के बाद अब क्या वह 'बसंती' की छवि से बाहर निकल आई हैं तो उन्होंने 'ना' में जवाब दिया। उन्होंने कहा , मैं इस छवि से कभी बाहर नहीं निकलूंगी। यह सदैव मेरे साथ रहेगी। मैंने 200 से अधिक फिल्में की हैं और लोग आज भी मुझे 'शोले' की बसंती या 'सीता और गीता' या 'बागबान' के लिये जानते हैं। मैं थ्री इन वन हूं यानी एक अभिनेत्री, शास्त्रीय नृत्यांगना और राजनेता। मैं अभी भी देश विदेश में नृत्य करती हूं और शास्त्रीय नृत्य के प्रति समर्पित हूं। फिल्मों में अच्छी भूमिका मिलेगी तो जरूर करूंगी। ये तीनों रोल मेरे हृदय के करीब है।

यह पूछने पर कि मौका मिलने पर क्या सरकार में बड़ी भूमिका के लिये वह तैयार हैं, उन्होंने कहा , मैं संतुष्ट प्राणी हूं और किसी चीज की आकांक्षा नहीं रही। लेकिन अगर मुझे कोई और भूमिका भी मिलती है तो मैं तैयार हूं। जो मुझे नहीं आता, वह मैं सीखती हूं और करती हूं। ग्रामीण बहुल सीट पर क्या किसानों के आंदोलन का विपरीत असर उनके वोट बैंक पर पड़ेगा, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि मामले को अनावश्यक तूल दिया गया है।

# आनेकल आईमाता मंदिर पर किया गया 15वां ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। सीरवी समाज वडेर आनेकल में 15वां ध्वजारोहण किया गया। ध्वजा की बोली के लाभार्थी बाबूलाल, मणिकचंद, दुर्गाराम, लखाराम, टीलाराम, लक्ष्मणराम परिहार परिवार वालों ने शिखरबद्ध मंदिर पर ध्वजा चढाई तथा आईमाताजी की महामंगल आरती की। लाभार्थी परिवार का समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष बालूराम गहलोत, सचिव रतनलाल भायल, उपाध्यक्ष ढगलाराम बर्फा, उपसचिव मुकनाराम अगलेचा सहित बड़ी संख्या में महिला व बच्चों ने भाग लिया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com